


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 199-● जबलपुर ● सोमवार, 22 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81


### नागदा में ट्रक और स्कूल वाहन की टक्कर

# 4 स्टूडेंट की मौत, 8 बच्चे फंसे रहे बमुश्किल बाहर निकाला

**नागदा, एजेंसी।** उज्जैन के पास नागदा में सोमवार सुबह 7 बजे भीषण हादसा हो गया। स्कूली बच्चों की ट्रैक्स गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई। 8 बच्चे गंभीर घायल हैं। घायलों को उज्जैन ले जाया गया। उनको एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण बस में नीचे लेटाकर अस्पताल पहुंचाया। तीन बच्चों को गंभीर हालत में इंदौर रैफर किया गया है। इनमें से 12 बच्चे फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल और दो बच्चे एगोशदीप स्कूल में पढ़ते हैं। उनकी उम्र 6 से 16 वर्ष तक है। 8 बच्चे ट्रैक्स में फंसे रहे। बमुश्किल बाहर निकाला गया। 10 घायलों का उपचार उज्जैन में किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार नाागदा के फातिमा कान्वेंट स्कूल के बच्चों को लेकर वैन स्कूल जा रही थी। इस दौरान सामने से गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह





पिचक गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।एम्बुलेंस नहीं मिलने पर उज्जैन की ओर जा रही बसों से घायलों को ले जाया गया। कुछ बच्चों को जिला अस्पताल तो कुछ गंभीर घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई। दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

**इन बच्चों की हुई मौत**

भाव्यांश पिता सतीश जेन 16,सुमित पिता सुरेश 18, उमा पिता ईश्वर लाल 15, इनाया पिता रमेश 6 सालये

**ये बच्चे घायल** - रस्सी से खींचकर गाड़ी को सीधा किया, नागदा के फातिमा कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों से भरी ट्रैक्स गाड़ी को झिरनिया फंटे के समीप ट्रक ने टक्कर मार दी।



## उप्र में 2 हादसे में 2 परिवार के 11 लोगों की मौत

बागपत, एजेंसी। यूपी में रविवार रात हुए 2 हादसों में 2 परिवारों के 11 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 गर्भवती महिलाएं और 3 बच्चे भी शामिल हैं। पहला हादसा बागपत में मेरठ हाईवे पर टोल प्लाजा के पास हुआ। कैंटर ने बाइक को रौंद दिया, जिस पर सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव के रहने वाले थे।वहीं, सहारनपुर में ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन में सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 2 ने सोमवार की सुबह अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 4 महिलाएं शामिल हैं। बागपत में हादसे की सूचना पर मृतक के परिवार के लोग जुट गए। लोग एक दूसरे को सांत्वना देते नजर आए।




# गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिषद दल की बैठक

**भोपाल यशभारत।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कुशाभाऊ हॉल में क्षेत्रीय परिषद दल की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी शामिल हैं, जबकि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअली रूप से बैठक में शामिल हुए हैं। योगी आदित्यनाथ और भूपेश बघेल भी मीटिंग में शामिल होने के लिए भोपाल पहुंचने वाले थे लेकिन भारी बारिश के चलते दोनों राज्यों के सीएम का दौरा रद्द हो गया।केंद्रीय गृहमंत्री शाह बैठक में शामिल होने के लिए रविवार देररात विशेष विमान से भोपाल पहुंचे थे। शाह सोमवार को कुशाभाऊ हॉल में इंटर स्टेट काउंसिल की बैठक समेत पांच कार्यक्रमों में भाग लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार सुबह 11 बजे कुशाभाऊ हॉल में इंटर स्टेट काउंसिल की बैठक में ले रहे हैं। क्षेत्रीय परिषद दल की बैठक में नक्सलवाद, आतंकवाद और साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही ड्रग्स, मानव तस्करी, मोटे अनाज के वितरण, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों पर व्यय होने वाली राशि की प्रतिपूर्ति आदि विषयों पर चर्चा होगी। गृहमंत्री 415 करोड़ रुपये की लागत के पुलिस के आवासीय भवनों और थानों का लोकार्पण करेंगे। शाम 5 विधानसभा के मानसरोवर सभागार में कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित संगोष्ठि में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद गृहमंत्री मुख्यमंत्री निवास में डिनर करेंगे।

**सीएम बघेल और योगी वर्चुअली जुड़े**

### तेज धूप में बीच पर सो गई महिला



## प्लास्टिक की तरह सिकुड़ गया माथा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो विज्ञान में सूरज की किरणों को विटामिन डी का एक बेहतरीन स्रोत बताया जाता है लेकिन कई बार ऐसा होता है जब सूरज की किरणों के नुकसान भी सामने आए हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां एक महिला समुद्र के बीच पर आधे घंटे के लिए सो गई। उसने सनक्रीम का उपयोग नहीं किया ताकि वह सही से आनंद ले सके। लेकिन उसकी यही गलती उस पर भारी पड़ गई। दरअसल, यह घटना बुल्गारिया स्थित एक बीच की है। इंडिपेंडेंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की रहने वाली सिरिन मुराद नाम की एक ब्यूटीशियन अपनी छुट्टियां बिताने उस बीच पर पहुंची हुई थीं। सिरिन ने सूरज की चमकदार और तेज किरणों के बीच सोचा कि क्यों ना अपनी स्किन को टैन कर लिया जाए और वे बिना कोई कवरकरीम या सनक्रीम लगाए हुए वहीं लेट गईं।आधे घंटे बाद वे जब उठीं जो उनको माथे पर थोड़ा जलन महसूस हुई। जब उन्होंने देखा तो उनका माथा लाल हो गया था। करीब 21 डिग्री सेल्सियस तापमान में बिना सनस्क्रीम लगाए धूप में लेटना उनको महंगा पड़ गया और जब कुछ समय और बीत गया तो उनको दर्द भी महसूस हुआ। सुबह हुई तो उन्होंने जो देखा वह उनके लिए काफी हैरान करने वाला था। असल में सुबह तक उनका माथा सिकुड़ गया था।

# क्या इन दो नामों तक सीमित है कांग्रेस

### राहुल और प्रियंका गांधी पर बोले आनंद शर्मा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की संचालन समिति से इस्तीफा दे दिया है। इसी बीच उन्होंने एक बार फिर पार्टी के नेतृत्व पर भी बड़े सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने कहा कि च्यह पार्टी हम सभी की है।ज



उन्होंने पार्टी के शीर्ष पर पद के लिए केवल गांधी परिवार के नाम की चर्चा पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए हलचल तेज हो गई हैं। खबर है कि पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी जल्दी बैठक बुला सकती हैं। एक निजी चैनल से बातचीत में शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को गांधी परिवार से हटकर सोचने की जरूरत है। वह कहते हैं कि इस बात का कोई कारण नहीं है कि सूची केवल राहुल गांधी या प्रियंका गांधी वाड्रा तक सीमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, च्क्या कांग्रेस केवल इन दो नामों तक सीमित है? क्या हम कांग्रेस पार्टी के इतिहास का मजाक नहीं उड़ा रहे हैं।



**भोपाल में क्रूज डूबा**

# देश के 5 राज्य बारिश से बदहाल

## मप्र और राजस्थान में नदियां उफान पर 250 से ज्यादा डैम ओवरफ्लो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल और बिहार में पिछले 48 घंटे से भारी बारिश हो रही है। राजस्थान में 200 से ज्यादा और मध्य प्रदेश में करीब 50 छोटे-बड़े डैम ओवरफ्लो हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है और बिहार में ये खतरे के निशान के करीब है। बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हिमाचल प्रदेश में आज मुख्यमंत्री दौरे पर जाएंगे। यहां फ्लैश फ्लड और लैंड स्लाइड की 36 घटनाओं में 22 लोगों की जान गई है। इन सभी राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 48 घंटे से ज्यादा बारिश के चलते कई



नेशनल हाईवे ब्लॉक हैं। 50 से ज्यादा डैम ओवर फ्लो हैं। जबलपुर में बरगी डैम के 17 और नर्मदापुरम में तवा डैम के 13 गेट खोले गए हैं। बारिश की बात करें तो गुना में सबसे ज्यादा 7 इंच, सागर में 6.5 इंच, जबलपुर में 6 इंच बारिश हुई। भोपाल में 24 घंटे में 10 इंच पानी गिरा है। यहां अब तक 60 इंच बारिश हो चुकी है। 2016 में यहां 56.58 इंच बारिश हुई थी, जो रिकॉर्ड है। ये रिकॉर्ड सोमवार को टूट सकता है। बारिश के चलते भोपाल के बड़ा तालाब के बोट क्लब पर खड़ा क्रू ज आधा डूब गया है।

### नरसिंहपुर, दमोह, उमरिया, मंडला में बारिश से कई रास्ते बंद

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर और आसपास के जिलों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई आवागमन के रास्ते बंद हो गए हैं। नदी नाले पानी से लबालब हैं। कई पुलिया, रपटा डूब गए हैं। इसकी वजह से लोगों को गंतव्य तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नरसिंहपुर, दमोह, सिवनी, सतना, शहडोल, मंडला, उमरिया, कटनी में भी अच्छी-खासी बारिश हो रही है।नरसिंहपुर जिले में मूसलाधार वर्षा का दौर तेज हवाओं के साथ बना हुआ है। नर्मदा की बा? से जबलपुर गोटेगांव स्टेट हाइवे क्रमांक 22 झाँसीघाट में पुल के ऊपर पानी आने से बंद हो गया है। यही हाल ककरा घाट पुल का है। जिससे गाडरवारा से तेंदुखे?ा को जो?ने वाला मार्ग बंद हो गया है। नर्मदा का उफान जारी है और वर्षा थमने का आसार नही दिख रहे है। जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।

# अब बिना डिग्री के विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर बन सकेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।**अब बिना अकादमिक डिग्री भी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रोफेसर बन सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों के महारथी शैक्षिक योग्यता के बिना भी प्रोफेसर बनकर दो साल तक सेवाएं दे सकेंगे। इसमें गायक, नृतक, उद्योग, समाजसेवी से लेकर अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। आईआईटी और आईआईएम में पहले से प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना लागू है।इसके तहत इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ देश के इन सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 18 अगस्त को यूजीसी की बैठक आयोजित हुई थी। इसमें तीन प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसमें सबसे प्रमुख प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस है। प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस को मंजूरी के बाद अब विश्वविद्यालयों में नेट और पीएचडी के बगैर भी प्रोफेसर बनकर सेवाएं देने का रास्ता खुल गया है। अभी तक यूजीसी से मान्यता प्राप्त केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्यों के विश्वविद्यालयों समेत डीम्ड - टू-बी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर बनने के लिए शैक्षिक योग्यता में नेट और पीएचडी होना जरूरी है। हालांकि, इस प्रस्ताव के बाद अपने-अपने क्षेत्रों के महारथी भी पढ़ाई करवा सकेंगे। हालांकि उनकी नियुक्ति के लिए यूजीसी ने मानक तय किए हैं।






## बीमार बेटी लिए गोद में रख पार कराई उफनती नदी

सतना, एजेंसी। मध्य प्रदेश के गांवों में स?कों का जाल बिछाने और उनके मार्ग को सुलभ बनाए जाने के लाख दावे किए जाते रहे हैं। लेकिन आज भी कई ऐसे गांव है जहां पहुँचना जोखिम भरा होता है। खासकर बरसात के दिनों में इन गांव तक पहुँचना जानलेवा साबित हो सकता है। अब ऐसे ही एक गांव का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें गांव वाले बीमारी बिटिया को गोदी में लेकर उफनाती नदी पार कर रहे हैं। वायरल वीडियो सतना जिले के नागौद विधानसभा के ग्राम पंचायत खमरिया का है। इस गांव से 7 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जिसके लिए गर्रा नदी पर बनी पुलिया पार करना पड़ता है। दो दिन से हो रही बारिश के कारण गर्रा नदी पर बनी पुलिया की ऊपर से पानी बहने लगा है।

# भाजपा ने दिया पार्टी बदलने का ऑफर

### CBI जांच के बीच सिसोदिया का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की नई शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद CBI जांच के दायरे में आए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने उन्हें आप तोड़कर भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया है।



सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि मेरे पास भाजपा का संदेश आया है कि आप तोड़कर भाजपा में आ जाओ, सारे ष्टक्चढ्ढ श्वष्ठ के केस बंद करवा देंगे। मेरा भाजपा को जवाब है मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूं, राजपूत हूं। सर कटा लूंगा लेकिन भ्रष्टाचारियो-षड्यंत्रकारियों के सामने झुकूंगा नहीं।

इससे पहले सिसोदिया की CBI जांच को लेकर आम आदमी पार्टी ने जाति कार्ड खेला। पार्टी ने सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताया। इस मामले में रविवार को सबसे पहले आप के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की।

## स्कूल खोलना ही भूल गए!

# 1 साल से बंद है सरकारी विद्यालय, बच्चे भूल रहे पढ़ाई

### अधिकारी बोले - करेंगे कार्रवाई

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिले में शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक सरकारी स्कूल पिछले 1 साल से बंद है और जिले के तमाम आला अधिकारियों को कोई खबर तक नही हुई है। मामला छतरपुर जिले से लगभग 60 किलोमीटर दूर बड़ा मलहरा अनु विभाग के एक छोटे से गांव रानी खेरा का है। जहां का प्राइमरी स्कूल पिछले 1 सालों से बंद है। इस स्कूल में लगभग 20 बच्चे अध्ययनरत हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस सरकारी स्कूल में पिछले 1 साल से ताला जड़ा हुआ है। मामला शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों तक पहुंचा तो अब अधिकारी आनन-फानन में बीआरसी से लेकर सी एससी तक पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं।दरअसल 10 फरवरी को



रानी खेड़ा स्कूल में पढ़ाने वाले मास्टर को किन्ही कारणों के चलते जेल हुई थी। शिक्षक के जेल जाने के बाद से स्कूल पर ताला लग गया और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से लेकर जिले के तमाम अधिकारी स्कूल की ओर ध्यान देना भूल गए। अब आलम यह है की प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे पढ़ाई तो छोड़िए शिक्षक का चेहरा तक भूल गए।

गांव में रहने वाले चंदू यादव एवं अन्य ग्रामीणों ने यह जानने की कोशिश की की आखिरी स्कूल इतने महीनों से क्यों बंद है? आखिर शिक्षा विभाग का इस और ध्यान क्यों नहीं है? गांव के लोगों की माने तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अब धीरे-धीरे अपनी पढ़ाई भूलने लगे हैं।

## जंतर-मंतर पर किसानों की महापंचायत

### दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली,एजेंसी। संयुक्त किसान मोर्चा सोमवार को एमएसपी की गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर किसान महापंचायत चल रही है। जहां प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसानों को रोकने सिंघु, टिकरी, गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस की चेकिंग चल रही है। इस चेकिंग के चलते बीच नोएडा-चिल्ला बॉर्डर पर 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। दिल्ली की सीमाओं पर किसानों को रोका जा रहा था।

# मां की ट्रेन ऐक्सिडेंट में हुई मौत, बाघिन मौसी ने शावकों को संभाला, सिखाया शिकार

**भोपाल,एजेंसी।** टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश के जंगल में एक बाघिन में मातृत्व का दुर्लभ गुण देखा गया है। टी-28 नामक बाघिन यहां न केवल अपने शावकों का पालन-पोषण कर रही है, बल्कि अपनी मृत बहन टी-18 के तीन शावकों की भी देखभाल करके एवं उन्हें जंगल में शिकार का प्रशिक्षण देकर मौसी होने का फर्ज भी निभा रही है। मौसी बाघिन टी-28 ने अपने शावकों के साथ-साथ अपनी बहन के शावकों की देखभाल करके मध्य प्रदेश के सीधी जिले के संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य में सभी का ध्यान अपन ओर खींचा है।



बाघिन टी-18 से जन्मे चार शावकों के लिए जन्म के बाद ही जीवन का सफर कठिन हो गया, जब उनकी मां की एक ट्रेन हादसे में मौत हो गई। मां की मौत के बाद एक शावक जंगल के एक व्यस्क बाघ का शिकार बन गया। इसके बाद टी-18 के तीन बचे शावकों को उनकी मौसी ने अपना लिया और वह उन्हें जीवन जीने के लिए जंगल के तौर तरीके सिखाने लगी। संजय दुबरी बाघ अभयारण्य के क्षेत्र निदेशक वाई पी सिंह ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि इस साल 16 मार्च को दुबरी रेंज के रिजर्व कोर एरिया में रेलवे पटरी के पास एक बाघिन घायल पड़ी है। वन विभाग का दल मौके पर पहुंचा और पाया कि यह बाघिन टी-18 थी। उन्होंने कहा कि घायल टी-18 को उपचार के बाद पिंजरे से रिहा कर दिया गया, लेकिन बाघिन हिल भी नहीं पा रही थी और अंततः कुछ घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

# सुबह तक हुई बारिश, फिर लगा ब्रेक



## कचनार सिटी के सप्त ऋषि नाले में दो बच्चों सहित फंसा परिवार प्रशासन की मुस्तैदी से बचाया गया

जबलपुर, यश भारत। दो दिन से हो रही वर्षा का सिलसिला तीसरे दिन सोमवार को सुबह तक जारी रहा। सोमवार की सुबह पूरी तरह से भीगी हुई थी और पूरा शहर पानी से तरबतर रहा। बारिश की झड़ी लगी हुई है और निचले इलाकों में पानी भर रहा है। नदी नाले सभी उफान पर हैं। मौसम में नमी की अधिकता के साथ सूरज भी बादलों के पीछे ही बने हुए हैं। इसकी वजह से मौसम का पारा काफी नीचे गिर गया है और इसमें ठंडक घुल गई है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मानसून अपनी पूरी रंगत में है। हालांकि सोमवार को सुबह बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह साढ़े आठ बजे तक 24घंटों में 160 मिली मीटर और सीजन में अब तक कुल 1016.8मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल आज के दिन सुबह तक 468.6 मिली मीटर बारिश हुई थी। मौसम विभाग की माने तो सोमवार को भी जबलपुर सहित संभाग के जिलों में अधिकतर जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा व कहीं-कहीं भारी वर्षा की भी संभावना जताई जा रही है। आज तीसरे दिन भी सूरज के दर्शन हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। बहरहाल वातावरण में घुली ठंडक से दिन का अधिकतम तापमान 27.9 से करीब तीन डिग्री गिरकर 24.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री पर स्थिर रहा। वर्षा के आंकड़ों पर गौर करें तो गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष 22 इंच अधिक वर्षा हो चुकी है, जो अच्छे संकेत हैं। क्योंकि मानसून सीजन में शहर में औसतन 52 इंच वर्षा दर्ज की जाती है। जबलपुर सहित संभाग में अनेक स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने और संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है।



बारिश के कारण कचनार सिटी से लगे हुए सप्त ऋषि नगर के एक नाले में पति पत्नी और उनके दो बच्चे फस गए इसकी जानकारी जब प्रशासनिक अधिकारियों की लगी तो उन्होंने मौके पर दल बल के साथ पहुंचकर परिवार को बाहर निकाला बताया जा रहा है कि परिवार झोपड़ी बनाकर रह रहा था और उसे जानकारी नहीं थी नाला ओवरफ्लो हो जाएगा और उसमे फंस जाएंगे ।ग्राम लमती में कचनार सिटी से लगे सप्त ऋषि नगर के पीछे ओमतीनाला के ओवर फ्लो मे एक परिवार के फंस जाने की जैसे ही खबर मिली। तत्काल ही मौके पर अपर कलेक्टर श्री नमः शिवाय अरजरिया, तहसीलदार श्री राजेश सिंह नायब तहसीलदार श्री संदीप जायसवाल पहुँचे। मौक़े पर एसडीआरएफ की बचाव दल पहुँच चुका था साथ मे होमगार्ड्स की टीम भी थी। स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी भी मौके पर पहुँचे जलभराव में फंसे परिवार को निकालने के लिये मोटरबोट का उपयोग किया गया ।लेकिन पीड़ित परिवार दूसरे तरफ से सुरक्षित रूप से जलभराव क्षेत्र से बाहर निकल गया और कलेक्टर डॉ इलैयाराजा से मिले।

### आज स्कूलों में अवकाश

रविवार को दिनभर तेज बारिश के बाद जिला प्रशासन ने सोमवार को जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। कलेक्टर इलैयाराजा टी ने इस संबंध में जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि मौसम विभाग के मुताबिक रविवार की रात भी तेज बारिश होने का अनुमान है इस वजह से स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कक्षा एक से कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। लोकसेवकों का अवकाश नहीं होगा। अवकाश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए होगा। शिक्षक और कर्मचारियों को स्कूल पहुंचना होगा। ज्ञात हो कि बारिश की वजह से शहर के कई स्कूलों में पानी भर गया है।






## धन्वंतरी नगर के घरों में घुसा पानी

प्रताप वार्ड क्रमांक 16 धन्वंतरी नगर जबलपुर में शनिवार व रविवार को हुई जोरदार बारिश के कारण बाढ़ के हालत निर्मित हो गए। घरों में पानी घुसने से लोगों ने रात जाग कर काटी। बड़ी मुश्किल से सुबह से पानी निकालना शुरू किया। वार्ड के यह आलम है कि यह नगर निगम का वार्ड नहीं किसी ग्रामीण अंचल का गांव हो । पूरा वार्ड आज कमर तक पानी में डूबा था जलभराव एवं जल प्लावन तो विभिन्न स्थानों पर होता है मगर इतने चरम पर की नाव चलाने की आवश्यकता पड़ जाए । वार्ड पार्षद जीतू कटारे द्वारा पूरे वार्ड में मशीनें चलाई गई।

## वरिष्ठ पत्रकार श्री विवेक बाजपेई पिक्की चाचा का स्वर्गवास



**जबलपुर, यशभारत।** सदर गली नम्बर 16 काली मन्दिर निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्री विवेक बाजपेई 'पिक्की चाचा' का निधन हो गया। वे स्वर्गीय मोहित बाजपेई के पिता, विराज बाजपेई के दादा एवं विधायक संजय पाठक के चाचा ससुर व पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी के मौसिया थे। स्व. श्री बाजपेयी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं साहित्यिक क्षेत्र में विशेष रुचि रखते थे। उनकी अंतिम यात्रा आज सदर स्थित निवास स्थान से पूर्वांह में ग्वारीघाट मुक्तिधाम पहुंची। जहां अंतिम संस्कार किया गया। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने दिवंगत स्व. श्री विवेक बाजपेई को अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी।

## राज्य कर्मचारियों को केंद्र की भाँति दिया जाए संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता

### दिया जाए केंद्र की भाँति एजुकेशन एलाउंस

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ ने मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को केंद्र की भाँति संतान शिक्षा प्रतिपूर्ति भत्ता दिया जाए। संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दो बच्चों के एजुकेशन पर अलाउंस मिलता है, जो प्रति बच्चा 2250 रुपये है. दो बच्चों पर कर्मचारियों को हर महीने 4500 रुपये सैलरी में जुड़कर मिलते हैं. जबकि राज्य सरकार के अधिकारी और कर्मचारियों को नही मिलता है। संघ के दिनेश गौड़, राकेश श्रीवास ,हेमंत ठाकरे, दिलीप सिंह ठाकुर, स्टेनली नॉरबट, एनोस विक्टर , प्रदीप पटेल, राजकुमार यादव ,विनोद सिंह, राबर्ट फ्रांसिस, सुशील यादव, एस. बी. रजक, निलेश खरे, अनूप सिंह मरकाम, सुनील झारिया उमेश सिंह ठाकुर गोपी शाह रऊफ खान संतोष चौरसिया सुनील स्टीफन सुधीर अवधिया सुधीर पावेल गुडविन चार्ल् समर सिंह ठाकुर त्रिलोक सिंह राजेश सहारिया शरीफ अंसारी आशीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री भत्ता देने की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटीवेटर हर्षवर्धन जैन आज जबलपुर में



**जबलपुर ,यशभारत।** जीतो यूथ विंग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्पीकर मोटीवेटर एवं बिजनेस कोच हर्षवर्धन जैन जयपुर से जबलपुर पधार रहे हैं मानस भवन जबलपुर में आज शाम 6.00 बजे मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जीतो यूथ के अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि इस आयोजन में नगर के महापौर जगत बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष कैलाश चंद जी जैन करेंगे विशेष अतिथि के रुप में प्रकाश चंद कोठारी अशोक जैन एवं चौधरी सुबोध जैन उपस्थित रहेंगे यूथ विंग के सचिव मयंक जैन ने सभी नागरिकों की उपस्थिति की अपील की है।

### चालीसा व्रत महोत्सव का समापन कल

## निकलेगी विशाल मटकी (कलश) शोभायात्रा तैयारिया पूर्ण



**जबलपुर, यशभारत।** चालीसा व्रत महोत्सव के समापन के उपलक्ष्य में स्वामी रामदास महाराज, स्वामी अशोकानन्द जी के सानिध्य में विशाल मटकी कलश शोभायात्रा 23 अगस्त की सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी। जो श्री झूलेलाल मंदिर से आंरभ हो कर नगर के विभिन्न मार्गो से हो कर सिंधु भवन घंटाघर में समापन होगा ।निर्मित प्राकतिक कुंड में मटकी का विसर्जन किया जाएगा। स्वामी प्रदीप महाराज जी,पंडित वेदान्त शर्मा द्वारा पूज्य बहराणा साहिब ,जल ज्योति का पूजन अर्चन सम्पन्न करवाया जाएगा,साथ ही भगवान श्री झूलेलाल जी की आरती की जाएगा। समिति के श्री अशोक रोहाणी ,मोतीलाल पारवानी, दिलीप तलरेजा,उधवदास पारवानी, त्रिलोक वासवानी,उमेश पारवानी,रमेश आहूजा,राम आहूजा,अनिल रोहरा,प्रकाश आसवानी,गोविंद हिरानी, प्रकाश आहूजा, धर्मेन्द्र मंगलानी, पिंटू शिवानी, विजय लालवानी,राजकुमार कंधारीसभी ने उपस्थित की अपील की है।

## हम युवाओं तक भक्ति पहुँचाएं : डॉ. पवन सिन्हा



**जबलपुर, यशभारत।** पावन चिंतन धारा आश्रम की जबलपुर इकाई द्वारा मानस भवन में च्श्रीकृष्ण रहस्यज्ञ नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां विश्वविख्यात संत एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. पवन सिन्हा गुरुजी ने लोगों को संबोधित किया। डॉ. पवन सिन्हा ने कहा कि हमनें अपने भगवान को समझने और समझाने का प्रयत्न नहीं किया जिसकी वजह से हमारे भगवान हमारे कर्म में न उतर कर मंदिरों या घर के पूजा स्थल में बंद होकर रह गए। भगवान की व्यापकता और वैज्ञानिकता दोनों से ये समाज दूर हो गया और धीरे-धीरे भगवान केवल चमत्कारी कथाओं का अंश हो गए। उन्होंने श्री कृष्ण को समस्त कलाओं से परिपूर्ण पूर्णावतार बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण बहुत बलशाली, स्वस्थ समाज के कल्याण के लिए कर्मरत, किसी भी प्रकार के अंधविश्वास और पाखंडों से दूर एवं विशाग्र विद्यार्थी थे। 27 जुलाई 3112 बी.सी.ई. में जन्में श्रीकृष्ण ने बहुत ही कठिन जीवन जिया। वह अपने जीवन के 125 वर्ष तक लगातार कठोर कर्म करते रहे तथा अपनी सृष्टि के कार्यों को करते रहे। भगवान कृष्ण ने अनेक दर्शन प्रस्तुत किये जो भगवत गीता से इतर भी हैं, उन्होंने विकेंद्रीय कृत गणतंत्र की स्थापना की, सूर्य साधना के सिद्धांत दिए, योगदर्शन के सिद्धांत दिए, कर्म और क्रिया के सिद्धांत दिए। साधक के कर्तव्यों के सिद्धांत दिए। राज्य प्रबंधन के सिद्धांत दिए, ग्रह गणना के सिद्धांत दिए, रण कौशल के सिद्धांत दिए। हिन्दू समाज भगवान कृष्ण को केवल राधा-कृष्ण और रास के रूप में ही पहचानता है परंतु वह जब लगभग 11 वर्ष 6 महीने के थे तभी बृज को छोड़कर मथुरा आ गए थे जहां उन्होंने कंस का वध किया। इसके उपरांत वह कभी वहां नहीं लौटे। उन्होंने ऋषि संदीपनी के आश्रम में 64 विषयों का ज्ञान प्राप्त किया तथा कठोर तप किया। उन्होंने महाराजा उग्रसेन को मथुरापति के सिहांसन पर आसीन करके स्वयं द्वारका में राज्य की स्थापना की और उनके प्रतिनिधि के रूप में प्रजा का संरक्षण किया। श्रीकृष्ण की दिनचर्या बेहद अनुशासित थी। वह बहुत सरल और विनम्र थे। तथा दिखावे से दूर रहते थे। श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में मोह और भाई-भतीजावाद को कभी स्थान नहीं दिया। जब उनके पुत्र और प्रजा अनैतिकता की ओर बढ़े तो श्रीकृष्ण ने उन्हें जीवन प्रदान नहीं किया। गुरु जी ने कहा कि भारत जब सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ रहा है और जहां देश में 67प्रश युवा हो गए हैं, ऐसे में ये आवश्यक है कि हम युवाओं तक भक्ति पहुँचाएं परंतु प्रामाणिक रूप से। आज भी इस देश का युवा परंपराओं से जुड़ा है परंतु वह उनको जानना चाहता है जिनकी वह भक्ति करता है। मैं चाहता हूँ इस देश के युवाओं को उनके भगवान के विज्ञान, सिद्धांत और जीवन शैली की प्रामाणिक जानकारी दूँ जिससे उनमें एक कर्मठ, सहज, सरल और अंधविश्वास से दूर व्यक्तित्व की स्थापना हो।

## उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन का मिला सेवा का सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं डॉ. जितेन्द्र जामदार, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद द्वारा उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए संस्था की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता को उनकी पूरी टीम के साथ सम्मानित किया गया। मंथन श्री,रोटरी क्लब जबलपुर साउथ, एकता और शक्ति समूह पाथेय का आयोजन सराहनीय रहा। इस मौके पर संतोष नेमा , राजेश पाठक च्प्रवीण,संजय खत्री ,उमेश कटारे ,प्रवीण गुप्ता,संतोष नेमा सुनील नामदेव, कीर्ति कटहरे , निशांत पटेल, रितेश गुप्ता अमि खरे आदि उपस्थित रहे।

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ADMISSION OPEN
30 वर्षों से तकनीकी शिक्षा में अग्रसर
शासन द्वारा पुरस्कृत/उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान
भारतीय I.T.I.
DGT & NCVT
Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन Two Year Engg. Trade फिटर
छात्रवृत्ति सुविधा व प्रशिक्षण पश्चात् रोजगार के सुअवसर
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
चौरसिया होटल के सामने, शारदा चौक, मदन महल, जबलपुर
0761:4003860, 9425150550, 8770094210, 7974960286

Since - 1992
ADMISSION OPEN
हिन्द iti
AFFILIATED BY DGT & NCVT (GOVT. OF INDIA)
Skill India
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade Traning With Placement
★ Study With Practical
★ Scholarship Facilities
★ Free Computer Traning Education
★ Free Industrial / Educational Visit
★ Special Career Guidence / Job Placement
N.H. 7 MANSAKRA NAKA, SIHORA, JABALPUR (M.P)
Contact - 9425162863, 9424659053, 8770570620, 8770094210

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ. हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ. एम. वंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ. प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ. नेहा वंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जुरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बीमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघात) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रूट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

# मदनमहल में अकाउन्टेंट के घर में लाखों की चोरी

## दीवार कूदकर कीमती ज्वैलरी और नगदी कर दी पार







**सीसीटीव्ही में कैद हुए आरोपी, पुलिस जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल के कालीमठ स्थित एक सूने मकान की दीवार कूंदकर चोरों ने घर की अलमारी में रखे लाखों के कीमती गहने और नगदी पार कर रफूचक्कर हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित सपरिवार अपने ससुराल गया था। जब वापस आकर देखा तो मेन गेट का ताला तो लगा था, लेकिन घर के अंदर के गेट का कुंदा टूटा था। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

वहीं, यह पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज में कैद हो गयी। अब पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार कालीमठ मदनमहल निवासी मुकेश उपाध्याय पेशे से दवाबाजार में अकाउन्टेंट है। जो कल अपनी ससुराल पनागर किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जब वापस आकर देखा तो घर का पूरा सामान बिखरा था और घर में रखे कीमती गहने और नगदी गायब मिली। पुलिस अब क्षेत्र के कुख्यात बदमाशों और चोरों की कुंडली खंगाल रही है।

## कलियुगी बेटे ने चौकीदार बाप को घोंप दी चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनीनगर के चौधरी मोहल्ला में देर रात ड्यूटी से घर लौटे पिता पर कलियुगी बेटे ने चाकुओं से वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। दरअसल बेटा अपनी मां से रुपयों के लिए झगड़ा कर रहा था, लेकिन पिता ने जब झगडऩे से मना किया तो आरोपी बेटा अपना आपा खो बैठा और वृद्ध को चाकुओं से जख्मी कर, फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि बुद्धुलाल चौधरी 70 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला ने बताया कि वह प्रेमनगर कोशल्या अपार्टमेण्ट में चौकीदारी का काम करता है। रात में वह अपने काम से वापस आया तो बेटा राकेश चौधरी अपनी मां कमला बाई से रूपये मांगने पर लड़ाई कर रहा था, उसने विवाद करने से मना किया तो राकेश उसके साथ गाली गलोज करते हुये चाकू से हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

**मां से झगड़ा करने से मना करने पर दिया वारदात को अंजाम**

# पनागर में 14 वर्षीय बालक को तालिबानी सजा

## चोरी के शक में कर दी जमकर धुनाई

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर थाना अंतर्गत चोरी के शक में एक 14 वर्षीय बालक को तालिबानी सजा देते हुए आरोपी ने जमकर मारपीट कर दी। जैसे तैसे घर पहुंचे नाबालिग ने अपनी मां से पेटदर्द की शिकायत की। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। बच्चे से मारपीट करने के बाद मामा राहुल व्यास से भी मारपीट की गई है। जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। तो वहीं दूसरे पक्ष ने भी मामले की शिकायत की है। पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राजश्री मिश्रा गुरुनानक वार्ड ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके 14 वर्षीय बेटे के साथ चोरी के शक में अजय अवस्थी ने जमकर मारपीट कर दी और जब बच्चे का मामा राहुल व्यास बात करने पहुंचा तो उससे मारपीट की गई। तो वहीं अजय अवस्थी ने भी राहुल व्यास के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस अब प्रकरण की जांच में जुटी है।



**काउंटर मामला दर्ज, पुलिस जांच जारी**

# ट्रेन से टकरा गया अधेड़ : खुल गया सिर, मौत

## नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस जांच जारी



**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के चौथे पुल पर तेज रफ्तार ट्रेन से टकरा गए एक अधेड़ का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि दीपक जैसवाल ट्रेकमैन ने सूचना दी कि ट्रेक चेंज करते समय पटरियों पर अधेड़ उम्र करीब 55 साल का शव मिला है। जांच के दौरान शव के पास कोई भी कागजात नहीं पाए गए जिससे शव की शिनाख्तगी हो सके। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के सभी ग्रामों और थानों में शव की फोटो भेजी है। ताकि घटना का खुलासा हो सके।

# आफत की बारिश

## करमचंद चौक में भरभरा कर गिरा मकान का छज्जा, बची 7 जिंदगियां

जबलपुर यश भारत। सोमवार की सुबह करमचंद चौक क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक जर्जर मकान का छज्जा बरसात की वजह से धराशाई हो गया । मकान के नीचे रहने वाले करीब 7 लोगों को समय रहते हुए नगर निगम और जिला प्रशासन के हमले ने सुरक्षित स्थान पर भेजा। बताया जा रहा है कि मकान ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से जर्जर था और सुभा 4ः00 बजे ऊपर का छज्जा अचानक से भरभरा कर नीचे आ गया ।मकान में नीचे रह रहे परिवार के लोग घबरा गए। नगर निगम की अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने छज्जा गिरने के कारण दबे लोगों को बाहर निकाला।





**सीढ़ी लगाकर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया**

बताया जा रहा है कि नगर निगम जॉन अधिकारियों को इस बात की जानकारी लगी की करमचंद चौक स्थित जर्जर मकान मैं गिरे छ्ज्जे के कारण लोग फंसे हुए हैं तो निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर सीढ़ी के माध्यम से फंसे लोगों को बाहर निकाला घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# मिट्टी के तेल की मालिश करा रहे वृद्ध को बीड़ी पीना पड़ा महंगा

## आग लगने से दर्दनाक मौत



**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनीनगर के परसवाड़ा कालोनी में मालिश कराना एक वृद्ध को उस वक्त महंगा पड़ गया जब मालिश के दौरान बाडी जलाते समय भड़की आग से वृद्ध बुरी तरह जल गया। जिसे तत्काल नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलोज में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि मिथलेश विश्वकर्मा 35 वर्ष निवासी परसवाड़ा कालोनी थाना संजीवनीनगर ने सूचना दी कि उसके साथ उसके पिता, माँ सुनीता विश्वकर्मा, पत्नी शालनी विश्वकर्मा, रहते है। उसके पिता वर्ष 2018 से लकवा से ग्रसित थे जिनका इलाज मेडीकल मे चल रहा था जो चलने फि रने में असमर्थ थे । माँ काम में चली गई थी वह सो रहा था। तभी पिताजी मिट्टी का तेल और सरसो का तेल मिलाकर मालिस करते समय बीड़ी पीने के लिये माचिस जलाई। जिससे आग लगने के कारण घुटने के ऊपर पेट, पीठ में जल गये थे जिन्हें उपचार हेतु मेडीकल कालेज जबलपुर में भर्ती किया था । इलाज के दौरान पिता तुलाराम विश्वकर्मा 60 वर्ष मृत्यु हो गयी है शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# 24-25 अगस्त एक बार फिर जमकर बरसेंगे बदरा

## अधारताल-बरगी, पाटन और रांझी में सबसे ज्यादा हुई बारिश



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर शहर में शनिवार की देर रात से बारिश का दौर जारी है। वहीं रविवार सुबह से हुई बारिश ने लोगों को परेशान कर दिया। लगातार हो रही बौछार के साथ 24 घंटे में जबलपुर %जलपुर' बन गया। बीते 24 घंटे में साढ़े 7 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल कम बारिश हो सकती है लेकिन 24 से 25 अगस्त को एक बार फिर जमकर बारिश होगी। दो दिन से बंगाल की खाड़ी से जो लो प्रेशर पूर्व मध्यप्रदेश में आया था वह दो दिन भी मध्य में बनेगा जिससे भारी बारिश की चेतावनी है। हालांकि आज और कल संभाग के अन्य जिलों में तेज बौछारों के साथ तेज बारिश हो सकती है। इधर भारी बारिश की आशंका को देखते हुए रांझी के 6 परिवारों के कुल 13 सदस्यों को सामुदायिक भवन देर रात शिफ्ट किया गया। हालांकि भारी बारिश को लेकर प्रशासन भी अलर्ट दिखाई दिया। सुबह से ही जलभराव की स्थिति को लेकर महापौर और कलेक्टर ने शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया और जल भराव से तुरंत निपटने टीम को गठित कर जल प्लावन की स्थिति से लोगों को निजात दिलाया। अब तक मानसूनी सीजन में 40 इंच बारिश दर्ज्र की जा चुकी है।

### अधारताल में 6 इंच सबसे ज्यादा बारिश

अधारताल में रविवार की बारिश 6 इंच से अधिक जारी हुई हैं। बरगी, पाटन और रांझी में भी सबसे ज्यादा वर्षा होना दर्ज किया गया है। 10 तहसीलों में 970.6 कुल 38 इंच बारिश आंकी गई है।

## सिविल लाइन में जीसीएफ कर्मी को बेकाबू कार ने रौंदा

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाईन में जीसीएफ आफि सर्स मेस में कार्यरत बाइक सवार को बेकाबू कार ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक सवार रोड से पांच फिट दूर उछलकर गिरा। जिसके हाथ और पैर में गंभीर चोट है। जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रंजीत कुमार पटैल 26 वश्र निवासी नर्मदा नर्सरी के पास मेन रोड रांझी ने पुलिस को बताया कि वह जीसीएफ आफि सर्स मेस में काम करता है । देर रात अपनी एक्सिस से जीसीएफ फैक्ट्री जा रहा था । इंद्रा मार्केट कलारी के सामने रोड पर कार क्रमांक एमपी 20 सीसी 4105 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया, उसे सिर हाथ पैर में चोटें आयीं हैं।

**हाथ-पैरों में चोट, अस्पताल में भर्ती**

# सिंधी केंप में भरभरा कर गिरा कच्चा मकान



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में जारी भारी बारिश के कारण जहां मकान रिसने लगे हैं वहीं कच्चे मकान गिर रहे हैं। सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम करियापाथर सरकारी स्कूल के पास निवासी राकेश यादव नरेश यादव मनीष यादव का खपरैल वाला मकान आज तड़के भरभराकर गिर गया जिससे हड़कंप मच गया। गनीमत यह थी कि जहां हादसा हुआ वहां कोई सो नहीं रहा था इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यह परिवार बरसों से यहां निवास कर रहा है। अब मकान गिरने से उनके सामने परेशानी खड़ी हो गयी है।

# हनुमानताल में टीन का छज्जा हटाकर दुकान में घुसे चोर



**पुलिस ने दोनों को दबोचा**

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमनताल के प्रेमसागर में पुलिस ने एक नाबालिग और एक युवक को दुकान में चोरी करते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि श्रीमती वंदना रान उम्र 31 वर्ष निवासी प्रेमसागर सरकारी बिल्डिंग ने पुलिस को बताया कि उसके पति की घर के समाने डीजे एंव साउण्ट सिस्टम की दुकान है आज रात लगभग 12 बजे वह अपने घर की छत पर टहल रही थी तभी उसकी दुकान से टीन की आवाज सुनाई दी उसने देखी कि दुकान में कुछ हलचल हो रही है शक हुआ कि दुकान में चोरी करने के लिये कोई घुसा है तो उसने पुलिस को फोन कर सूचना दी । थाना बेलबाग से पुलिस आई , पुलिस को आते देख एक युवक दुकान की छत का टीन ऊपर उठाकर दुकान के बाहर कूदा। जिसके बाद बेलबाग पुलिस ने दीपक चोहटेल पिता राजकुमार चोहटेल 21 वर्ष निवासी प्रेमसागर हनुमानताल को दबोच लिया। जिसकी पुलिस ने तलाशी ली जो अपने पास एक धारदार बटन वाली चाकू रखे मिला, जब पुलिस ने दुकान का टीन उठाकर अंदर देख तो वहां एक 17 वर्षीय युवक छुपा रहा। पुलिस द्वारा पूछने पर दोनों ने बताया कि हम दोनों दुकान में चोरी करने के लिये घुसे थे ।

# बेलखेड़ा में 4 दिन पुराना शव मिलने से हड़कंप

## हिरन नदी घाट में बहकर आया, पुलिस जांच जारी



**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा के हिरन नदी घाट में आज सोमवार को एक महिला का करीब चार-पांच दिन पुराना शव उतारते हुए मिलने के बाद हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम गुबराकला, बेलखेड़ा के घाट में एक अज्ञात महिला उम्र करीब 35 वर्ष का शव बरामद किया गया है।

महिला कहां की निवासी है, यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। लिहाजा पुलिस ने आसपास के सभी ग्रामों के रहवासियों से पूछताछ कर रही है। महिला यहां तक कैसे पहुंची और उसकी मौत कैसे हुई, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पस्ट हो सकेगी।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र. / 419/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक 10/8 /2022
**// आम इश्तहार //**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुसुमलता नरवरिया व अन्य के द्वारा मौजा पति स्व. गुलाबचंद्र नरवरिया चेरीवाल ब्लॉक न. 03 में स्थित खसरा नं. प्लॉट नं 4/14 5/2 में से रकवा 2825 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में गुलाबचंड वल्द प्रेमचंद व अन्य के नाम से दर्ज है। सहखातेदार इस भूमि पर दर्ज भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से विरासतन हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19/8/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचारनहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 22 / 7 /2022
पेशी दिनांक -22/8/2022
**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

संपादकीय

# भारत-चीन में क्या समान दिशा?

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक भाषण में कहा कि जब तक भारत और चीन मिल कर काम नहीं करते, एशियाई सदी का सपना पूरा नहीं होता। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस समय भारत और चीन के संबंध बहुत कठिन दौर में हैं और ऐसा 'वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हरकतों' की वजह से हुआ है। चीन ने तुरंत इस बयान को लपक लिया। उसने एशियाई सदी के सपने की जयशंकर की बात का समर्थन किया। और इसमें जोड़ा कि इसके लिए समान दिशा में काम करना चाहिए। चीन ने तमाम हालिया बयान में ये संकेत दिए हैं कि उसकी नजर में भारत और चीन के रिश्तों में कोई पेचीदगी नहीं है। सब कुछ सामान्य है और भारत अगर 'समान दिशा' में काम करे, तो बचे-खुचे सारे मसले दूर हो जाएंगे। यानी संबंध बेहतर करने की जिम्मेदारी वह भारत के पाले में डालता रहा है। तो उसकी अपेक्षाएं क्या हैं? संभवत: यही कि लद्दाख क्षेत्र में 2020 से जो कुछ हुआ है, भारत उसे स्वीकार कर आगे बढ़े।अब भारत की मुश्किल यह है कि जयशंकर गाहे-बगाहे एलएसी की बात कहते हैं, लेकिन भारत सरकार का औपचारिक रुख अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 जून 2020 को दिया वह बयान ही है 'ना कोई घुसा, ना कोई घुसा हुआ है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि भारत ने एक इंच भी जमीन नहीं गंवाई है। तो घूम-फिर कर सवाल भारत सरकार की रणनीति और उसके मकसद पर आ जाता है। जब तक दो टूक समस्या नहीं बताई जाएगी, आखिर यह संदेश कैसे जाएगा कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र में जो कुछ किया है, वह दोस्ताना नहीं है। साथ ही उसके उस रुख रहते 'समान दिशा' कैसे ढूंढी जा सकेगी? दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भारत का भी बहुत बड़ा जनमत यही मानता है कि वर्तमान सरकार के दौर में चीन ने भारतीय भूमि पर कोई कब्जा नहीं जमाया है। यही धारणा चीन को सारी जिम्मेदारी भारत के पाले में डालने का मौका देती है। और जब तक ये स्थिति है, किसी समान दिशा की तलाश नामुमकिन बनी रहेगी।

## क्रिप्टोकरंसी में बढ़ता निवेश

भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में आर्थिक बदहाली की कहानियां आम हैं, तभी भारत में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है।, पहली नजर में इस आंकड़े पर यकीन करना मुश्किल होता है। लेकिन चूंकि आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र का है- यानी आधिकारिक है- तो इसे खारिज भी नहीं किया जा सकता। इस आंकड़े से दो खास संकेत मिले। पहला, तो यह कि भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में महामारी और महंगाई के कारण जमीनी और मध्यम स्तरों पर बदहाली की कहानियां आम हैं, उसी दौर में समाज के एक तबके पास इतना पैसा है कि वह जुआ जैसी गतिविधियों में धन लगाने का जोखिम उठा लेता है। दूसरा संकेत यह है कि समाज में जिन तबकों के पास पैसा है, उनमें धनी से ज्यादा धनी होने की होड़ अब असीमित हो गई है। सच्चाई यह सामने आई है कि कोरोना महामारी के दौरान विश्व भर क्रिप्टोकरंसी में निवेश अभूतपूर्व दर से बढ़ा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान भारत में भी क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी। भारतीय आबादी में 7.3 फीसदी लोगों के पास आज डिजिटल करेंसी है। 2021 में क्रिप्टोकरेंसी रखने वाली आबादी की हिस्सेदारी के लिहाज से 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से 15 विकसित देश शामिल थे। 2021 में डिजिटल करेंसी रखने के मामले में दुनिया के शीर्ष 20 देशों में भारत सातवें स्थान पर था। क्रिप्टोकरेंसी भारत में करीब दस साल पहले आ गई थी। 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टोकरंसी को बैन कर दिया था। लेकिन दो साल पहले देश के सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटा दिया और तब से भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार तेजी से बढ़ा है। एक शोध संस्था के मुताबिक जून 2021 तक एक साल में ही भारत का क्रिप्टोकरेंसी बाजार 650 फीसदी बढ़ चुका था। इसी साल आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्रिप्टो और एनएफटी को वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के तहत लाने का एलान किया था।

# विकास मंत्रों का यथार्थ धरातल पर भी दिखे

राष्ट्रीय एकता की भावना के लिए यह एक जीवनदायी बात है कि देश ने इस स्वाधीनता दिवस पर फिर से गर्व भरी भावना महसूस की कि हम क्षेत्रीयता, कट्टरता, जातीयता और अंधधार्मिकता के कटघरों में कैद लोग नहीं, विशुद्ध भारतीय हैं। सदियों पुरानी गुलामी की जंजीरें तोड़ने में जिन आजादी के दीवानों ने बलिदान दिया, उन्हें याद करते हुए आम लोगों को एक अलग-सी राष्ट्रीयता की भावना का अहसास हुआ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराते हुए विकास मंत्र दिया, तो सच सबको लगा कि इस देश में भ्रष्टाचारी सोच का शुद्धीकरण हो जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों की यह बात गलत हो जायेगी कि उस देश में संपर्क की बैसाखियों के बिना कुछ नहीं सधता। दरअसल, परिवारवाद और वंशवाद राजनीति में ही नहीं, सामाजिक, व्यावसायिक और प्रशासनिक जीवन में भी रोग बनकर घर कर गया है। लालकिले से राष्ट्रीय जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिये देश के कोने-कोने में उजागर होते वंशवाद को उखाड़ फेंकने का आह्वान देश के इस शीर्षस्थ नेता ने किया। अवश्य इस वंशवाद, इस भाई-भतीजावाद को उखाड़ फेंकने की यह प्रतिबद्धता प्रशस्ति योग्य है। लेकिन कतार के आखिरी आदमी के रूप में बरसों से ठिठके हुए साधारण जन यह अवश्य चाहते हैं कि उन्हें अब और रियायतों की रेवड़ियों से न बहलाया जाये। बहुत हंगामा रहा रियायतों की रेवड़ियों को तुष्टिकरण की नीति बनाने का। प्रधानमंत्री ने बार-बार अपने उद ?बोधनों में इस मुद्दे को उठाया। शीर्षस्थ न्यायालय ने इसकी विसंगति को उठाया। चुनाव आयोग को इसका सहारा ले चुनाव लड़ने वालों को प्रतिबंधित करने के लिये कहा। लेकिन चुनाव आयोग ने कहा, यह काम उनकी शक्तियों से नियंत्रित होना कठिन है। इन पर नियंत्रण कसना है, तो शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ कमेटी अपने गंभीर सुझावों के साथ करे, या समय की सरकार अपने देश को आत्मनिर्भर कर देने के मंत्र से करे। लेकिन राजनीति के रंग न्यारे हैं। स्वनाम-धन्य नेताओं ने बताया कि शिक्षा, रोजगार या भुखमरी से किसी को न मरने देने के प्रयास रेवड़ियां बांटना नहीं, उचित जनकल्याण है, जो पीड़ित और दलित वर्ग को मिलना ही चाहिए। दूसरी ओर अर्थ विशारदों ने इसकी आर्थिक परिभाषा निर्धारित करके जनकल्याण करने को कहा। यह न हो कि मुफ्तखोरी का हलुआ बांटने की इस अंधदौड़ में देश खुद संकट में आ जाये और देश का वंचित वर्ग हर क्षण मुट्ठी भर धनिकों की ऊंची होती अटारियों को देखकर यही कहता रहे कि 'दुविधा में दोनों गये, माया मिली न राम।'

खैर, प्रधानमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर अपने सपनीले भाषण में जोर देकर बता दिया, कि 'महोत्सव मना लिया, अब अगले पच्चीस बरस के लिए श्रमशील विकास पथ का विस्तार फैला है। हमें निरंतर उस पर चलना है। देश के लिए मूलभूत आर्थिक ढांचे का निर्माण करते हुए ताकि पच्चीस बरस बाद अपना शतकीय उत्सव मनाते हुए हम विश्वास के साथ कह सकें, हम विकसित राष्ट्र हो गये।' जी हां, वैसे ही विकसित राष्ट्र जैसे अमेरिका, रूस या यूरोप के अन्य पश्चिमी देश हैं। इस बीच हमें वित्तमंत्री निर्मला जी से लेकर रिजर्व बैंक तक सबने बार-बार समझाया कि महामारी के इन विकट दिनों में, कुलाचें भरती हुई महंगाई के इस चक्रव्यूह में, रूस-यूक्रेन के भयावह युद्ध और चीन ताईवान की तनातनी में अमेरिका की पासा बदल नीतियों के बावजूद एक अपना देश ही है जो तीसरी दुनिया ही नहीं विश्व भर के सब देशों में एक बहुत तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। अब तो उम्मीद यही है कि आने वाले आर्थिक वर्षों में यह स्वत:स्फूर्त आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बन जायेगा। विकट दिनों के काले बादल छंट रहे हैं। हमने कोरोना विरोधी टीकाकरण में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर ली है, और अब फिर करोड़ों लोगों के सही उपचार का संदेश भारत ने दिया है, आयुष का मंत्र देकर जिसमें ऐलोपैथी के साथ भारत की सदियों पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा का भी संबल रहेगा। स्वस्थ भारत, कर्मशील भारत, नया भारत, नव जागरण की अर्चना के रूप में इस अमृत महोत्सव में स्वाधीन दिवस के फहराते तिरंगे के साथ उभर कर सामने आया है। जन-जन ने इसका स्वागत किया है। लेकिन सवाल है कि निर्यात अभी तक इस आयात आधारित अर्थव्यवस्था में बजट घाटे से लेकर बढ़ते व्यापार घाटे के रोग से ग्रस्त क्यों? आत्मनिर्भरता के मुखर दावों के बावजूद आज भी हम अपने महत्वपूर्ण उत्पादनों का कच्चा माल विदेशों से क्यों मंगवाते हैं? चीन से आयात के बहिष्कार के नारे तो बहुत बुलंद हुए लेकिन तनिक पड़ताल तो कर लो, आज भी चीन से होने वाला आयात, निर्यात से कहीं अधिक है। आयल और नेचुरल गैस कमीशन ने तेल-गैस के कुएं खोज निकालने के वादे तो बहुत से किये थे, लेकिन अब तक भी उसकी वार्षिक औसत प्राप्ति में कोई वृद्धि नहीं, हां महंगी तेल गैस के कारण उसकी कुल आय अवश्य बढ़ गयी है। उधर कल भी देश की कुल जरूरत का पच्चासी प्रतिशत तेल गैस हम विदेश से मंगवाते थे, आज भी मंगवाते हैं। तेल गैस की अंतर्राष्ट्रीय दरें गिरे, तो भी इस देश का साधारण कर्मी कोई राहत नहीं पाता, हां देश की तेल कंपनियां अवश्य अपना घाटा बढ़ जाने का रुदन राग तीव्र कर देती हैं।

लेकिन फिर भी आत्मावलोकन के इन उत्सव दिनों में हमें अनुभूत हुआ है, कि विश्व के मानचित्र में अपने देश की महत्ता बढ़ गयी। अब दुनिया का कोई भी फैसला भारत की चिंता, चिन्तन, परामर्श और उसके स्टैंड के परवाह किये बगैर नहीं होता। हमारी कूटनीति, विदेश नीति सफल है। इसका लोहा तो पाक के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खां ने फिर माना है।

इस बार प्रधानमंत्री ने लालकिले से देश के विकास के मूल मंत्र को भी विस्तार दिया है। कभी भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था, 'जय जवान, जय किसान।' फिर इसके साथ जुड़ गया 'जय विज्ञान' और इस वर्ष इसके साथ मोदी जी ने एक और आयाम जोड़ा है, 'जय अनुसंधान'। बेशक शिक्षा और ज्ञान के नये प्राचीर इस देश में विज्ञान के अमिट उत्थान और अनुसंधान की अन्यतम गहराइयों के साथ प्रतिबद्ध हुए बिना खड़े नहीं किये जा सकते।

इंटरनेट की इस नयी दुनिया में भारत के डिजिटल हो जाने के सिवा कोई और विकल्प भी तो नहीं। लेकिन हर हाथ स्मार्ट फोन और हर उपेक्षित कोने में मोबाइल सुविधा देने को टावरों का जाल तो बिछाना होगा? नहीं तो ऑनलाइन शिक्षा के नाम पर परीक्षाओं में खुलेआम नकल और सौ में से सौ अंक प्राप्त करने के मिथ्या आडंबर मिलेगा। वहीं आनलाइन बैंकिंग के नाम पर आम आदमी को बैंक खाता हैकिंग और अबूझ साइबर अपराधों के सिवा कुछ नहीं मिलेगा।

बेशक नव अनुसंधान के बिना विज्ञान कैसे प्रगति करेगा? लेकिन तनिक यह भी तो यथार्थ बांच लो कि शिक्षा परिसरों में प्रतिबद्ध अनुसंधान प्रवृत्ति के स्थान पर आइलैट अकादमियों और बैंड प्राप्ति की अन्ध दौड़ का माहौल पैदा हो गया है।

युवा पीढ़ी ज्ञान के नये क्षितिज थामने के स्थान पर डालर मोह में अपनी धरती से पलायन की डोर थाम रही है। अपना राष्ट्, अपनी धरती, अपनी संस्कृति अपना गौरवशाली इतिहास, इसका संदेश अत्युत्तम है। लेकिन इसके साथ अपनी रोटी, अपना कपड़ा और मकान कमाने का सम्मानजनक अवसर भी तो मिले।

**सुरेश सेठ**

# दूसरों की पीड़ा अनुभव करना ही मनुष्यता

एक सेठ की दुकान के बाहर कुछ मजदूर काम कर रहे थे। गर्मी का मौसम था। तेज धूप पड़ रही थी। एक मजदूर को जोर से प्यास लगी। वह दुकान के अंदर गया और मालिक से बोला, 'सेठजी प्यास लगी है थोड़ा पानी पिला दो।' सेठजी ने कहा कि अभी मेरे पास कोई आदमी नहीं है। ये कहकर उसने अपना मुंह फेर लिया। प्यासा आदमी पानी की तलाश में आसपास गया पर कहीं पानी नहीं मिला। कुछ देर बाद वह लौटा और दुकान के मालिक से फिर बोला, 'सेठजी सचमुच बहुत प्यास लगी है थोड़ा पानी पिला दो।' सेठजी ने झुंझलाते हुए कहा कि अभी बोला था न कि कोई आदमी नहीं है। प्यासे आदमी ने बड़ी दीनता से कहा, 'सेठजी थोड़ी देर के लिए आप ही आदमी बन जाइए न।' इस दृष्टांत ने कुछ सोचने पर मजबूर किया। थोड़ी देर के लिए आप ही आदमी बन जाइए इन शब्दों में कितना गहरा अर्थ छुपा हुआ है। इंसानियत की इससे अच्छी व्याख्या क्या हो सकती है? कई बार जब कोई व्यक्ति कोई गलत काम करता है तो उसे भी प्राय: कह दिया जाता है कि आदमी बन जा अर्थात अपनी गलती को सुधार ले। अब ये गलतियां भी कई प्रकार की हो सकती हैं। किसी के काम करने में कोई गलती हो सकती है तो किसी में सद्गुणों का अभाव हो सकता है। अपनी गलतियों को सुधारना या दुर्गुणों अथवा विकारों से मुक्त होना भी सही आदमी या इंसान बनना ही है। मनुष्य योनि में जन्म लेने मात्र से कोई मनुष्य नहीं बन जाता। मनुष्य बनने के लिए प्रयास करना पड़ता है। कुछ त्याग करना पड़ता है। उर्दू के मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने भी कहा है, 'आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।' क्या हम सचमुच मनुष्य नहीं हैं? क्या इंसां होना संभव नहीं? मनुष्य अथवा इंसान किसे कहते हैं? यदि हम मनुष्य अथवा इंसान नहीं हैं तो फिर मनुष्य या इंसान बनने का क्या उपाय है? मनुष्य वास्तव में अपने कर्मों अथवा कार्यों से जाना जाता है। जैसे कर्म वैसा मनुष्य। अच्छे कर्म अच्छा मनुष्य और बुरे कर्म तो बुरा मनुष्य नहीं मनुष्य ही नहीं। अनिवार्य है कि मनुष्य कर्म करे अकर्मण्य न रहे। कर्म भी उपयोगी हों। कर्म निष्काम हो तो इससे तो अच्छी कोई बात ही नहीं। मनुष्य के व्यवहार में जब इन विशेषताओं का ह्रास होता है तो उसकी मनुष्यता ही प्रभावित होती है। हम प्राय: अपनी हैसियत के मुताबिक अपने कार्यों को निश्चित कर लेते हैं। जब हम किसी बड़े पद पर आसीन अथवा बहुत दौलतमंद हो जाते हैं तो सोचते हैं कि अब छोटे-मोटे कार्य करना हमारे लिए सम्मानजनक नहीं। कई लोगों के तो बच्चों को भी दूसरे लोग ही दूध पिलाते और पालते-पोसते हैं। ये ठीक है कि हम अपनी हैसियत के अनुसार कार्य करते हैं। इसमें कोई दोष भी नहीं। लेकिन कुछ कार्य निश्चित रूप से ऐसे होते हैं जो बेशक छोटे दिखते हों लेकिन छोटे होते नहीं हैं। इन कार्यों को हमारे लिए अन्य कोई कर भी नहीं सकता। करेगा भी तो उसका वास्तविक लाभ हमें नहीं मिल पाएगा। इसके बावजूद हम ऐसा कर रहे हैं।सोचें कि क्या हमारे बदले में कोई किसी से प्रेम कर सकता है? हमारे दुखी होने पर क्या हमारे बदले में हमारी जगह कोई दुखी हो सकता है? संभव ही नहीं। जब हम ऐसा कोई कार्य करेंगे ही नहीं तो उसका आनंद अथवा संतुष्टि व उस आनंद व संतुष्टि से प्राप्त लाभ भी हमें नहीं मिल पाएगा। जब हम ऐसे ही कार्यों को करवाने के लिए दूसरों का मुंह ताकने लगते हैं तो हमारा धर्म, हमारी नैतिकता व हमारी स्वाभाविकता अर्थात हमारी मनुष्यता ही डगमगाने लगती है। किसी को एक गिलास पानी दे देना कोई ब?ी बात नहीं लेकिन किसी प्यासे को पानी पिलाने से ब?ा धर्म ही नहीं। इस कार्य को करने से जो संतुष्टि मिलती है वो अद्वितीय होती है। यदि हम ये कार्य किसी और से करवाते हैं अथवा नहीं करते हैं तो हम उस आनंद से पूर्णत: वंचित रह जाते हैं। जो भी अच्छे कार्य होते हैं अथवा जिनमें धार्मिक होने का भाव निहित रहता है वे वास्तव में मनुष्य के स्वयं के उत्थान के लिए होते हैं। हम उन कार्यों की उपेक्षा करके कहने को तो हम मनुष्यता से वंचित हो जाते हैं लेकिन वास्तव में अपने मूल स्वरूप से कटकर अपने आध्यात्मिक विकास को ही अवरुद्ध कर लेते हैं। विडंबना ये होती है कि हम वे बड़े-बड़े कार्य ही करना चाहते हैं जो औरों का ध्यान आकर्षित कर सकें अथवा जिनसे हमें यश की प्राप्ति हो सके। इसीलिए कई लोग लाखों रुपए खर्च करके बड़े-बड़े भंडारे तो लगवाते रहते हैं लेकिन यदि कोई भूखा-प्यासा उनसे सीधे रोटी या पानी मांग ले तो उनका व्यवहार बदल जाता है। वैसे तो दान-पुण्य के रूप में कई लोग काफी पैसा खर्च करते रहते हैं लेकिन अपने कर्मचारियों अथवा सेवकों की आवश्यकताओं के प्रति पूर्णत: असंवेदनशील बने रहते हैं। किसी दुखी व्यक्ति को देखकर उनके मन में पीड़ा उपजने के स्थान पर क्रोध का भाव उत्पन्न होने लगता है। इसी नकारात्मक भावों या विकारों से मुक्ति में ही निहित है वास्तविक मनुष्य बनने या होने का सूत्र। यदि हम काल्पनिक प्रतिष्ठा अथवा यश की कामना से रहित होकर फौरन किसी की मदद करने का संकल्प ले लें तो न केवल अधिक मानवीय हो सकेंगे अपितु हमारा वास्तविक आध्यात्मिक विकास भी संभव हो सकेगा।

**-सीताराम गुप्ता**

# आपका राशिफल 23 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5904



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३,२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5903



Jagrutidaur.com, Bangalore

हेल्थ

# योगासन की मदद से पाएं सर्दी-जुकाम पर काबू

क्या आप जानते हैं कि योगासन की मदद से भी सर्दी-जुकाम पर काबू पाया जा सकता है? कौन-कौन से योगासन सर्दी-जुकाम से करेंगे आपकी रक्षा।

सर्दी-जुकाम एक हल्की तथा सामान्य शारीरिक गडबडी है, जो आमतौर पर एक हफ्ते में खुद ही ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार जरूरी सावधानी न बरतने के कारण यह फ्लू, ब्रोंकाइटिस, ब्रोंकोनिमोनिया आदि का रूप भी धारण कर सकती है। सर्दी-जुकाम होने के प्रमुख कारणों में वायरल इन्फेक्शन, मौसम का बदलना, ठंडी हवा का लगना, अनुपयुक्त आहार, व्यायाम का अभाव, मांसपेशियों का शिथिल पडना, कब्ज की शिकायत आदि प्रमुख हैं। योग के नियमित अभ्यास से इस समस्या की चपेट में आने से बचा जा सकता है।

योग शरीर और मन, दोनों को संतुलित, समन्वित तथा क्रियाशील रखता है। इसके नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है, जिसके कारण सर्दी-जुकाम की समस्याओं का सामना कम करना पडता है। सर्दी-जुकाम से पीडित लोग कुछ सावधानियां बरतकर और तबियत में कुछ सुधार आने के बाद योग का अभ्यास करके जुकाम से छुटकारा पा सकते हैं।

**उपवास है बेहतर विकल्प** सर्दी-जुकाम तथा वायरल इन्फेक्शन आदि की स्थिति में यौगिक क्रियाओं का अभ्यास नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में उपवास सबसे बेहतर विकल्प है। उपवास या आहार नियंत्रण द्वारा इस समस्या को पूरी तरह टाला जा सकता है। जैसे ही रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखें, यदि संभव हो तो दिन भर का या एक समय का भोजन त्याग दें। रोग की तीव्रता तुरंत आधी हो जाएगी। साथ में दिन भर हल्के गर्म पानी का सेवन करते रहें। अदरक, काली मिर्च, दालचीनी तथा मेथी की चाय नियमित अंतराल पर पिएं और आराम करें। यदि बुखार न हो तो नेति-कुंजल का अभ्यास करने से रोग जल्दी ठीक हो जाता है। केवल एक दिन उपवास, पूर्ण विश्राम तथा योगनिद्रा के अभ्यास से सर्दी-जुकाम को ठीक किया जा सकता है। स्वस्थ होने पर यदि कुछ यौगिक क्रियाओं का अभ्यास किया जाए तो रोग के बाद की कमजोरी व पीढा को कम तो किया ही जा सकता है, साथ में भविष्य में होने वाले किसी भी रोग की आशंका को भी टाला जा सकता है।

**करें ये योगासन** जुकाम ठीक होने के बाद शुरुआत में हल्के आसन जैसे पवनमुक्तासन, वज्रासन, शशांकासन, मेरुवक्रासन, धनुरासन, भुजंगासन आदि का ही अपनी क्षमता को ध्यान में रखते हुए अभ्यास करें। धीरे-धीरे जैसे शरीर की क्षमता में वृद्धि हो, अभ्यास में जानुशिरासन, सुप्त वज्रासन, ताडासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन, त्रिकोणासन आदि को जोड देना चाहिए। यदि सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास किया जाए तो सर्दी-जुकाम , खांसी आदि के साथ-साथ अन्य रोगों की आशंका भी कम हो जाती है।

**प्राणायाम है कारगर** जुकाम, खांसी, बुखार (वायरल) के ठीक होने पर सरल कपालभाति तथा नाडीशोधन प्राणायाम का अभ्यास करने से कमजोरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता, उत्साह एवं स्वास्थ्य में लाभ मिलता है।

## सूडोकु नवताल- 6420

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6419 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |




**विचार प्रवाह**

दुनिया में सब किस्मत का खेल है। यहां कोई लखपति है तो कोई करोड़पति और कोई केवल अपनी पत्नी का पति है।कोई तो रोटी के टुकड़ों के लिए तड़प रहा है तो किसी को खिलाने के लिए रोटी वाला तड़प रहा है। सबका अपना अपना भाग्य है। वक्त को बदलने में वक्त नहीं लगता। जिनके द्वार पर कल तक हाथी बैठा करते थे उनके द्वार पर आज कौआ भी नहीं बैठते क्योंकि कौआ भी पुण्यात्मा के द्वार पर ही आते हैं।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7460




**बाएँ से दाएँ**

1. सुगंध,खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन,सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश,विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वसय,घेरा-3
15. आंचल,पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर,पिता का घर-3
24. नवीन,नया,नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक,न भरने वाला जखम-3

**ऊपर से नीचे**

1. जी,चित्त,इच्छा-2
2. करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर,विदुषक-4
5. दुनिया,जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव,हरदम-2
11. जन्म,पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी,नलका-2
18. वश,अधीन-2
19. परिणाम,हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

**शब्द पहेली -7459 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# कर्मचारियों का इंतजार बढ़ा, सुप्रीम कोर्ट में अब एक सितंबर को सुनवाई

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को च्पदोन्नति में आरक्षणज्ज मामले में निर्णय के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है, क्योंकि मामले की सुनवाई लगातार टल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ग्रीष्म अवकाश समाप्त होने के बाद 17 अगस्त को सुनवाई तय हुई थी, लेकिन अस्वस्थता के कारण अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल नहीं पहुंच पाए। उन्होंने अगली तारीख मांगी थी और कोर्ट ने अब एक सितंबर को सुनवाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट मामले में मुद्दे तय कर चुका है। इसलिए कर्मचारियों को उम्मीद थी कि एक या दो सुनवाई के बाद मामले में निर्णय आ जाएगा। पदोन्नति में आरक्षण समाप्त किए जाने के कारण सवा छह साल से प्रदेश में कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक लगी है। भारतीय सेवा और राज्य सेवा के कुछ अधिकारियों सहित न्यायालय से निर्णय लाने वालों को छो ?कर किसी को भी पदोन्त नहीं किया जा रहा है।



इस भेदभाव से कर्मचारी नाराज हैं। जबकि आरक्षित और अनारक्षित पक्ष के कर्मचारी सरकार से कह चुके हैं कि प्रदेश में कोर्ट के निर्णय के अधीन ही पदोन्नति शुरू कर दी जाए, ताकि उन्हें नुकसान न हो। इसके बाद भी सरकार ने कुछ नहीं किया। अब कर्मचारी कोर्ट के निर्णय से आस लगाए बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय मुद्दों पर केंद्र और राज्यों के संदर्भ में निर्णय आना है। मध्य प्रदेश के प्रकरण में मई 2022 में सुनवाई तय की गई थी। 23 मई से 10 जुलाई तक कोर्ट में ग्रीष्म अवकाश घोषित हुआ। इस कारण सुनवाई आगे बढ़ गई। 11 जुलाई को कोर्ट खुले तो सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण संस्था ने मामले की जल्द सुनवाई का आवेदन लगाया। कोर्ट ने 17 अगस्त को सुनवाई तय की थी।

### सवा साल में 70 हजार कर्मचारी सेवानिवृत्त

सवा साल में 70 हजार से अधिक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनमें से करीब 36 हजार को सेवानिवृत्ति से पहले पदोन्नति मिलनी थी। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2016 को च्मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2002ज्ज खारिज किया है। इस निर्णय के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मई 2016 में यथास्थिति (स्टेटस-को) रखने के निर्देश दिए हैं। तब से प्रदेश में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक लगी है।

# मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर सहित 15 स्थानों पर बनेंगे रोप-वे

## केंद्र सरकार उठाएगी खर्च

**भोपाल,एजेंसी।** यातायात को सुगम बनाने और औद्योगिक विकास के लिए मध्य प्रदेश में अधोसंरचना विकास के काम तेजी के साथ किए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर सहित 15 स्थानों पर रोप-वे बनाए जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग लाजिस्टिक मैनेजमेंट कंपनी और लोक निर्माण विभाग के बीच अनुबंध हो चुका है। अब सर्वे कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। वहीं, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में विकास की गति बढ़ाने के लिए अटल प्रगति पथ को निर्माण किया जाना है। इसके लिए पर्यावरण संबंधी सभी आपत्तियां दूर कर ली गई हैं। इसी तरह नर्मदा प्रगति पथ के लिए प्रारंभिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अधोसंरचना विकास के लिए सरकार दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। अटल प्रगति पथ और नर्मदा प्रगति पथ विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। अटल प्रगति पथ के जंगल और बीह? का अधिकांश हिस्सा बाहर हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत भी मिल गई है। अब भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। वहीं, नर्मदा प्रगति पथ के लिए भी सभी तैयारियां हो गई हैं। शहर और पर्यटन क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए रोप-वे बनाने की स्वीकृति दी है। इसके लिए 15 स्थान चिह्नित किए गए हैं। निर्माण के लिए सर्वे की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इससे आमजन को सुविधाजनक परिवहन सुविधा होगी। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई का कहना है कि रोप-वे के साथ-साथ सेतुबंधन योजना में इंदौर में पांच, भोपाल और सागर में तीन-तीन, ग्वालियर और जबलपुर में दो-दो, रतलाम, खंडवा, धार, छतरपुर और विदिशा में एक-एक फ्लाई ओवर बनाया जाएगा। केंद्रीय सड़क अधोसंरचना निधि से यह निर्माण होगा। इसकी स्वीकृति भी केंद्र सरकार ने दी है।

### इंदौर और भोपाल के बीच बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर और भोपाल के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाया जाएगा। इसके लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है और केंद्रीय विमानन मंत्रालय से प्रारंभिक स्वीकृति भी मिल गई है। एयरपोर्ट के पास मेगा निवेश क्षेत्र विकसित किया जाएगा। निवेशकों को यहां हर तरह की सुविधाएं मिलेंगी। इससे प्रदेश के आर्थिक विकास में गति आएगी और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और मेगा निवेश क्षेत्र विकसित करने की दिशा में तेजी के साथ काम किया जा रहा है। जल्द ही इसके परिणाम भी सामने आएंगे।

### यहां बनेंगे रोप-वे

- रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर, उज्जैन
- रीगल से राजवाड़ा, इंदौर
- रहली पाटन मार्ग से टिकीटोरिया माता मंदिर, रहली
- रायसेन पार्किंग से रायसेन किला, रायसेन
- ग्वालियर किला से फूलबाग, ग्वालियर
- कोलार रो से न्यूमार्केट, भोपाल
- कोकता से नादरा बस स्टैंड, भोपाल
- सिद्धवरकट जैन मंदिर से राजेश्वर आश्रम, ओंकारेश्वर
- नर्मदा नदी तट से सेलानी टापू, ओंकारेश्वर
- रामराजा मंदिर, ओरछा
- शिव मंदिर पार्किंग से चैराग ? शिव मंदिर, पचम ?ी
- पातालकोट, तामिया
- दूध धारा से कपिलधारा, अमरकंटक
- रनेहफाल से केन नदी तट, खजुराहो
- मांड प्रवेश द्वार से रूपमति महल, मांडू



# भोपाल में 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने बिगाड़े हालात

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश में प्रवेश करने तक गहरा अवदाब रही मौसम सोमवार सुबह सागर से 50 किलोमीटर उत्तर से गुजर रहा तब तक यह अवदाब में बदल चुकी थी, इसके कारण भोपाल और उज्जैन संभाग के जिलों सहित इससे लगे जिलों में अतिभारी वर्षा का दौर जारी है। वर्षा के साथ तूफानी हवाएं भी चल रही है, भोपाल में हवाओं की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच गई। इसके असर से कई जगह पेड़ गिरने से रास्ते बंद हो गए वहीं निचली बस्तियों में पानी भर गया। मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मप्र से गुजर रहे अवदाब के आंतरिक और बाहरी दबाव में बड़ा अंतर है। जब किसी मौसम के केन्द्र और बाहरी हिस्से में प्रेशर ग्रेडिएंड या दबाव प्रवणता अधिक होती है तो उसके असर से हवाओं की गति अधिक होती है। सरल शब्दों में कहें तो हवाएं अंतर ज्यादा होने के चलते बहुत तेजी से अधिक दबाव से कम दबाव की ओर खिंचती हैं जिसकी तेज हवाओं की स बनती है चूंकि वहां नमी भी ज्यादा होती है इसलिए तेज हवाओं के साथ वर्षा का संयोजन और नुकसानदायक हो जाता है।एयर इंडिया की उड़ान इंदौर डाइवर्ट लगातार बारिश के कारण इंडिगो की सुबह की दिल्ली की उड़ान निरस्त कर दी गई है। कुछ उड़ानें डाइवर्ट की गई है। यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है राजधानी में सुबह से हो रही वर्षा के कारण राजा भोज एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भर गया। कम दृश्यता के कारण उड़ानों की लैंडिंग नही हो पा रही है। इंडिगो ने सुबह की दिल्ली उड़ान को निरस्त करने की घोषणा कर दी है। इस उड़ान से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को कुछ समय तक इंतजार करने को कहा गया है। यात्रियों को इंडिगो की दोपहर की उड़ान से रवाना किया जाएगा। खराब मौसम के कारण एयर इंडिया की मुंबई उड़ान को नागपुर डायवर्ट करना पड़ा है इस उड़ान से मुंबई जा रहे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**भोपाल और उज्जैन संभाग में अतिभारी वर्षा का दौर जारी**



# प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में 52 हजार सीटों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी

**भोपाल यशभारत।** तकनीकी शिक्षा विभाग प्रदेश के 140 इंजीनियरिंग कालेजों की 52 हजार सीटों पर प्रवेश देने का पंजीयन 25 अगस्त से शुरू कराएगा। वर्तमान सत्र 2022-23 में विद्यार्थी 60 ब्रांच में से किसी एक प्रवेश ले पाएंगे। प्रवेश कराने कालेजों को 30 अगस्त तक अपने दस्तावेज विभाग की काउंसलिंग सेल में जमा करना होंगे। जेईई मेंस का रिजल्ट जारी होने के बाद डीटीई प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग जल्द ही सीबीएसई से जेईई मेंस में शामिल विद्यार्थियों का डाटा लेगा, जिससे जेईई मेंस में शामिल विद्यार्थियों की रैंक के तहत मेरिट जारी कर प्रवेश आवंटित कर सके। इसके लिए विद्यार्थियों के पंजीयन 25 अगस्त से शुरू कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं कालेजों को 30 अगस्त तक एआईसीटीई से मान्यता, आरजीपीवी से संबद्धता और फीस कमेटी से फीस तय करने के अलावा अन्य दस्तावेज विभाग में जमा करना होंगे। उनका परीक्षण करने के बाद विभाग कालेजों की सीटों को काउंसलिंग में शामिल करेगा। फार्मेसी कालेजों के बीफार्मा और डीफार्मा में विद्यार्थियों को 12वीं और 10वीं की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। उन्हें किसी प्रवेश परीक्षा की जरूरत नहीं हैं, इसलिए विभाग उनके पंजीयन भी 25 अगस्त से शुरू कराएगा। साथ ही काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी करेगा। वर्तमान में विभाग पालीटेक्निक में प्रवेश कराने पंजीयन करा रहा है। इसमें अभी तक करीब आठ हजार पंजीयन हो चुके हैं।

**विद्यार्थियों की रैंक के तहत मेरिट लिस्ट जारी कर प्रवेश आवंटित**

### च्वाइस फिलिंग के बाद सीटों का अलाटमेंट होगा

जेईई मेंस का रिजल्ट जारी होने के बाद डीटीई प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग जल्द ही सीबीएसई से जेईई मेंस में शामिल विद्यार्थियों का डाटा लेगा, जिससे जेईई मेंस में शामिल विद्यार्थियों की रैंक के तहत मेरिट जारी कर प्रवेश आवंटित कर सके। इसके लिये विद्यार्थियों के पंजीयन 25 अगस्त से शुरू कराने की व्यवस्था चल रही है। वहीं कालेजों को 30 अगस्त तक एआईसीटीई से मान्यता, आरजीपीवी से संबद्धता और फीस कमेटी से फीस फिक्सेशन के अलावा अन्य दस्तावेज विभाग में जमा करना होंगे। उनका परीक्षण करने के बाद विभाग कालेजों की सीटों को काउंसलिंग में शामिल करेगा। सितंबर के प्रथम सप्ताह में विभाग काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर विद्यार्थियों से च्वाइस फिलिंग कराने के बाद अलाटमेंट करेगा।

### ऐसे होगी काउंसलिंग

प्रथम राउंड में जेईई मेंस-2022 की मेरिट के आधार पर टीएफडब्ल्यू की सीटों के लिए संयुक्त रूप से प्रवेश होंगे। विद्यार्थी पहले पंजीयन करेंगे। इसके बाद विभाग उनकी मेरिट जारी करेगा। विभाग द्वारा आवंटन होने पर विद्यार्थी फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। ये प्रक्रिया दो राउंड चलेगी। इसके बाद विभाग क्वालीफाई मेरिट के आधार पर प्रवेश कराएगा। इसके बाद कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का आयोजन होगा।

# कम्पलायंस के नाम पर आयकरदाताओं के लिए मुसीबतें बढ़ गई हैं : सीए गिरीश आहूजा

**भोपाल, यशभारत।** सरकार ने कम्पलायंस के नाम पर आयकरदाताओं के लिए मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सरकार वैसे तो 'ईज आफ डुइंग बिजनेस' की बात करती है, लेकिन ला में पेचीदगियां बढ़ाते जा रहे हैं। वहीं पार्टनरशिप फर्म में यदि कोई पार्टनर रिटायर हो रहा है या पार्टनरशिप टूट रही है तो ऐसे में पार्टनर को दिए गए बेनीफिट्स कर टैक्स फर्म को ही भरना होगा। लेकिन इस टैक्स की गणना और कैपिटल आउटस्टैंडिंग निकालना भी आसान नहीं होता है। यहह बात रविवार को एमपी नगर के एक होटल में टैक्स पर आयोजित सीए के दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन सीए गिरीश आहूजा ने कही। आइसीएआई के भोपाल चेप्टर द्वारा आयोजित सम्मेलन में भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर समेत पूरे देशभर के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने भाग लिया। सीए आहूजा ने कहा कि लोगों के लिए एक ब ?ी समस्या सरकार को अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए। इसी तरह क्रिप्टो करंसी में भी कौन से हेड पर टैक्स लगेगा। आयकर विभाग को हमारे बारे में हमसे ज्यादा जानकारी है। जहां तक संख्या न ब ?ने की बात है तो लोग

### बेनीफिट्स कर टैक्स फर्म को ही भरना अनिवार्य

कुछ कंपनियों के शेयर 'शून्य' हो जाना भी है। यानि किसी निवेशक ने यदि उक्त कंपनी के शेयर में एक लाख रुपए का निवेश किया था तो उसे शेयर की वैल्यू शून्य हो जाने से हुए नुकसान का लाभ मिलेगा या नहीं। ऐसा कोई सेक्शन नहीं जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया हो कि लाभ मिलेगा या नहीं। ऐसे में धीरे-धीरे डर के मारे टैक्स देना शुरू कर चुके हैं। जीएसटी और आइटी को डिजिटली लिंक कर दिया गया है। टर्नओवर में अंतर आया तो हो सकती है कार्रवाई सीए मेहुल ठक्कर ने कहा कि व्यवसाय के टर्नओवर का आठ प्रतिशत और चेक द्वारा टर्नओवर के छह प्रतिशत से आयकरदाता अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। परंतु यदि टर्नओवर दो करो ? रुपये से अधिक है तो वे इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। यदि आठ प्रतिशत या छह प्रतिशत से आय ज्यादा है तो उन्हें ज्यादा आय पर टैक्स भरना होगा। ऐसे करदाता जो इस प्रिजमटेड योजना का लाभ उठाकर बही-खाते के बिना इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं उन्हें वर्ष के दौरान शेयर्स, एफडी, प्रापर्टी, एफडीआर में किए गए निवेश के रिकार्ड रखना होंगे। यदि आय से अधिक का निवेश विभाग की जानकारी में आता है तो ऐसी स्थिति में 78 प्रतिशत से टैक्स एवं छह प्रतिशत की दर से पेनाल्टी और ब्याज का भुगतान करना प ? सकता है।

# नेता के भतीजे की गुंडागर्दी, टोल मांगने पर महिलाकर्मी को जड़ा थप्पड़, जान से मारने की धमकी दी

भोपाल, यशभारत राजगढ़ जिले के ब्यावरा में भाजपा नेता और ब्यावरा जनपद अध्यक्ष के भतीजे की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। यहां टोल मांगने पर भाजपा नेता के भतीजे ने महिलाकर्मी के साथ बदसलूकी की। महिलाकर्मी के आधार कार्ड मांगने पर आरोपी ने महिला को थप्पड़ मार दिया, उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने भी नेता के भतीजे को सबक सिखाने के लिए उसे चप्पल से पीट दिया। जिसके बाद आरोपी पहले टोल से चला गया लेकिन कुछ देर बाद साथियों के साथ लौटा और टोल नाके पर तोड़-फोड़ कर दी। मामला ब्यावरा-भोपाल बाइपास स्थित कचनारिया टोल बताया जा रहा है। मारपीट का एक वीडियो भी रविवार को सामने आया है। पीड़ित महिलाकर्मी अनुराधा दांगी ने बताया कि शनिवार दोपहर वह करीब 3.42 बजे बूथ नंबर 5 पर बैठी हुई थी। इसी दौरान भाजपा नेता का भतीजा राजकुमार गुर्जर अल्टो 800 कार से टोल पार करने आया। मैंने रोजाना की तरह उसे रोका और टोल शुल्क मांगा, जिस पर उसने बताया कि मैं लोकल हूं। पहचान करने के लिए मैंने नेता के भतीजे से आधार कार्ड दिखाने के लिए कहा, जिस पर वह आग बबूला हो गया और मेरे साथ मारपीट की। आरोपी ने बदसलकी करते हुए मेरा दुपट्टा खींचा और मुझे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद वह चला गया।

# कैसे लड़ेंगे कुपोषण से :दो विभागों के बीच उलझा 38 लाख बच्चों का पोषण आहार

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश की आंगनवाड़ियों के 38 लाख बच्चों के राशन का मामला दो विभागों के बीच उलझ गया है। 95 हजार आंगनवाड़ियों में बच्चों को पूरक पोषण आहार बांटने का काम स्वसहायता समूहों को मिला हुआ है, लेकिन उन्हें मार्च के महीने से कंट्रोल दुकानों से राशन नहीं मिल पा रहा है। जुलाई में सिस्टम अपडेट हुआ तो कुछ आंगनवाड़ियों में पूरक पोषण आहार बनाने के लिए स्वसहायता समूहों को गेहूं और चावल मिल पाया है। पिछले चार महीनों से बच्चों के अनुपात में आंगनवाड़ियों में राशन नहीं पहुंच पा रहा है। महिला बाल विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक शाह के मुताबिक ये खाद्य विभाग ही बताएगा कि राशन क्यों नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं, खाद्य विभाग के अफसरों का कहना है कि हमें आवंटन मिलेगा तो बांट देंगे। आवंटन मिल ही नहीं रहा है तो कैसे बांटें।महिला बाल विकास और खाद्य विभाग एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी95 हजार आंगनवाड़ियां हैं मध्य प्रदेश में3-6 वर्ष के बच्चों के लिए नाश्ता और भोजन तैयार होता है।

**चार महीने से आंगनवाड़ियों में पहुंच रहा है अधूरा राशन**

# सारे बांध ,जलाशय लबालब, पन बिजली उत्पादन 184 प्रश बढ़ा

**भोपाल, यशभारत।** पिछले एक माह से जारी अच्छी बारिश से पनबिजली संयंत्र से जुड़े सारे बांध लबालब भर गए हैं। नतीजतन यहां से बिजली का उत्पादन मई-जून की तुलना में 184प्रश बढ़ गया है। इसलिए कोयले से चलित ताप विद्युत संयंत्रों से मई जून की तुलना में 47त्न कम बिजली बनानी पड़रही है। इसके मायने यह हैं कि मप्र की विद्युत कंपनियों की रोजाना कोयले की डिमांड 24 हजार मीट्रिक टन कम हो गई है। हालांकि मप्र को केंद्रीय अनुबंध के तहत रोजाना 5776 मेगावॉट बिजली लेनी पड़ रही है।बारिश में बिजली की मांग भी 2500 मेगावॉट तक घटी है। राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों के डेटा बताते हैं कि बांध में पानी भरने के बाद इंदिरा सागर विद्युत परियोजना से पूरी क्षमता यानी 1020 मेगावॉट से उत्पादन हो रहा है। ओंकारेश्वर पनबिजली संयंत्र से भी 520 मेगावॉट की पूरी क्षमता बिजली बन रही है। छोटी-बड़ी सभी परियोजनाओं से हो रही विद्युत आपूर्ति 330 मेगावॉट है। यानी सभी पनबिजली परियोजनाओं का संयुक्त उत्पादन 1870 मेगावॉट तक पहुंच चुका है।

**इसलिए ताप विद्युत संयंत्रों से डिमांड 47प्रश तक घटी**

## भारतीय वन्यजीव संस्थान टीम कूनो पहुंची

# 15 सितंबर के बाद लाए जा सकते हैं चीता

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में चीता बसाए जाने की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआइआइ) देहरादून की टीम कूनो पालपुर नेशनल पार्क पहुंच गई है। 23 अगस्त को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के डीजी सीपी गोयल भी पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही चीता लाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों को देखते हुए 15 सितंबर के आसपास चीता लाने की संभावना बन रही है। पार्क के नजदीक दो हेलीपेड भी बनाए जा रहे हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पार्क में चीता बसाने के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ सकते हैं। लोक निर्माण विभाग ने इनमें से एक हेलीपेड का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए राजस्थान के कोटा से निर्माण सामग्री लाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि पार्क में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। लोक निर्माण विभाग को 15 दिन में दोनों हेलीपेड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चीता के लिए बनाए गए विशेष बाड़े में ग्रीन नेट (हरी जाली) भी लगाई जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि दो हफ्ते में यह काम भी पूरा हो जाएगा। हालांकि वर्षा के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। कर्मचारियों को निर्माण स्थल तक सामग्री पहुंचाने में परेशानी आ रही है। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. वाइपी झाला ने भी मोर्चा संभाल लिया है। वे उन कार्यों को पूरा करा रहे हैं, जो चीता परियोजना के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। जिनमें बाड़े के अंदर एक बाड़ा और शामिल है, ताकि विशेष परिस्थितियों में उसमें रखकर चीता की देखरेख की जा सके। भारत सरकार के स्तर पर डा. झाला ही इस परियोजना में मुख्य किरदार हैं। वे लगातार अफ्रीकी देश नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर व्यवस्थाएं बना चुके हैं।



### पार्क की सुरक्षा बढ़ाई

दो दिन पहले ही कूनो पार्क में एक तेंदुआ का शिकार हुआ है। इस घटना के बाद वन विभाग हरकत में आ गया है। पार्क की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना से चीता को लेकर चिंता बढ़ गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के डीजी सीपी गोयल पार्क में चल रही तैयारियों को देखने के साथ वन विभाग से जुड़े प्रदेश के अधिकारियों से चर्चा भी करेंगे। इसलिए विभाग के प्रमुख सचिव अशोक बर्णवाल, वन बल प्रमुख आरके गुप्ता और मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक जेएस चौहान भी कूनो जा रहे हैं।



# भादों में लगी सावन के जैसी झड़ी

## बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, अभी तक 28 इंच वर्षा दर्ज

**सिहोरा, यशभारत।** लम्वे ब्रेक के बाद आसमान पर छाए काले बादलों ने एक और जहां किसानों के चेहरे पर चमक ला दी वहीं निचली बस्ती में निवासरत लोगों के लिए समस्याओं का अंबार खड़ा कर दिया जिले में शनिवार की शाम से रुक-रुककर हो रही झमाझम बारिश रविवार को भी दिनभर होती रही। सावन का महीना भले ही सूखा गुजरा लेकिन भादो की शुरुआत में सावन की झड़ी जैसी बरसात में मौसम में ठंडक घोल दी लगातार हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश के कारण खेतों में बारिश का पानी लबालब भर गया है। शहर से लेकर गांव की सडकों में भी जलजमाव हो गया। शहर के कई वार्डों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सडकों पर बारिश का पानी जमा हो गया है।नदियों,तलाबों में भी बारिश का पानी लबालब भर गया। तेज हवा के साथ हो रही बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति भी घ़ंटो बाधित रही।

### मिस्पा मिशन स्कूल रोड जल मग्न

भदोहा तालाब लगातार हो रही बारिश से लबालब हो चुका है ओवरफ्लो पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने के कारण तलाब के पानी से सडक जल मग्न हो गई।बहीं भू माफियाओं द्वारा खेतों में बनाई गई कालोनियों से जल निकासी की व्यवस्था ना होने के कारण नई बसाहट के लोगों भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### 30 घन्टों मे लगभग डेढ इन्च बर्षा

तहसील शाखा के सोमदेव पटवर्धन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह से रविवार शाम 5 बजे तक लगभग डेढ इंच वर्षा दर्ज की गई है इसके साथ ही सिहोरा तहसील का वर्तमान मानसून सत्र में वर्षा का आंकड़ा 709.2 मिलीमीटर लगभग 28 इंच हो गया है जबकि गत वर्ष आज की तारीख तक कुल 582.6 मिलीमीटर अर्थात 23 इंच वर्षा दर्ज की गई थी। विदित हो सिहोरा तहसील की औसत वर्षा का आंकड़ा 44 इंच है।

## बरसात की लगी झड़ बघोड़ा पुल पर करीब 20 फीट पानी

**बेलखाड़ू , यशभारत।** जबलपुर में इन दिनों भारी बारिश हो रही है इसी के चलते नदी नाले उफान पर हैं एवं अनेक क्षेत्रों में जल प्लावन की स्थितियां बनी हुई है कटंगी रोड बेलखाड़ू व आस पास के ग्रामों में बारिश की लगी झड़ी ने जगह-जगह पर पानी भर दिया. शनिवार रात से ही बारिश का दौर सोमवार को भी रुक-रुक कर जारी है. बेलखाड़ू से पनागर रोड पर ग्राम बघोड़ा के परियट नदी के पुल पर बारिश के चलते करीब 20 फीट पानी आ गया है जिससे बेल खाड़ू से पनागर मार्ग पर आवागमन रुका है पुल पर पानी एवं बारिश को देखते हुए प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ बैरिकेड लगा दिए गए हैं कटंगी रोड बेल खाड़ू, मगरहा पुल पर रोड का पानी भर जाता है जिससे वाहनों को आने-जाने मे परेशानी उठानी पड़ती है . वहीं खैरी गांव की सड़क पर पानी निकासी ना होने पर रोड पर पानी से ही निकलना पड़ता बारिश होने पर पानी भर जाता है जिससे ग्रामीणों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## शास्त्री वार्ड में चल रहा है श्री राम कथा का आयोजन

# भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा कथा पंडाल

**गाडरवारा (यश भारत)स्थानीय शास्त्री वार्ड हंसराज मालपानी के बाड़े में बीजासेन दरबार समिति द्वारा संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव के आयोजन में कथा श्रवण करने उमड़ रही श्रद्धालुओ की भारी भीड़ द्य रविवार को कथा श्रवण करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे कथा पंडाल भगवान श्री राम के नारों से गूंज उठा।**



श्री राम कथा पंडाल में संगीतमय भजनों पर भक्ति भाव मे लीन होकर श्रद्धालुजन भगवान की आराधना में कथा का श्रवण कर रहे हैं प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथावाचक आचार्य श्री कृष्णा पांडे जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा का वर्णन किया जा रहा है कथा के दौरान महाराज जी ने बताया कि भगवान श्रीराम निराकार ब्रह्म हैं। वह अधर्म, पाप, अत्याचार के नाश के लिए धरती पर अवतरित हुए। उन्होंने रावण के अंत के साथ बुराई का अंत भी किया। कहा कि जिस प्रकार प्रकाश से दूर रहना ही अंधकार है, उसी प्रकार प्रभु से दूर रहना ही दुख का कारण है। प्रभु श्रीराम जगत के पालक हैं। उनका जीवन आदर्शों से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। बुराई का कतई साथ नहीं देना चाहिए। जीवन-मरण का संघर्ष चलता रहता है, लेकिन इस बीच धर्म से विमुख होने पर हम अपनी मंजिल से दूर हो जाते हैं। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। जीवन में मर्यादा है तो प्रगति के मार्ग खुल जाएंगे और जीवन धन्य हो जाएगा। संत एक ऐसा माध्यम है, जो प्रभु से मानव को जोड़ता है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन के संतों के सत्संग में रहना चाहिए द्य बिना सौभाग्य के राम कथा प्राप्त नहीं होती है वर्तमान काल में रामकथा की बहुत आवश्यकता है भगवान श्री राम अधर्म पाप और अत्याचार के नाश के लिए धरती पर अवतरित हुए द्य कथा श्रवण करने के उपरांत हमें कथा से जो ज्ञान प्राप्त होता है जो प्रेरणा मिलती है उसको हम ग्रहण करके सदमार्ग पर चलें यही हमारी सच्ची भक्ति और सच्ची आराधना कहलाएगी ।संगीतमय चल रही श्री राम कथा के आयोजन में कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है । कथा पंडाल में कथा श्रवण करने वालों के लिए आयोजन समिति ने बेहतर व्यवस्थाएं की हैं। मां बीजासेन दरबार समिति ने नगर की धर्म प्रेमी जनता से श्री राम कथा में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है ।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



गोटेगांव, यशभारत। नगर में बच्चों को बेहतर संस्कार के लिये प्रतिबद्ध शिक्षा का मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में देवकीनंदन श्री कृष्ण भगवान का जन्म महोत्सव आस्था एवं उत्साह पूर्वक मनाया भगवान के बाल स्वरूप रूट को वासुदेव भगवान ऊपर यमुना पार करने का दृश्य प्रदर्शित करते हुए नाच गाने के साथ समिति के अध्यक्ष हाकम सिंह चढ़ार व्यवस्थापक राजकुमार जैन सह व्यवस्थापक देवदत्त पचौरी अशोक पटेल के आतिथ्यमें कार्यक्रम प्रारंभ हुआ भगवान कृष्ण को झूला में झूला कर का प्रदर्शन किया सैकड़ों भैया बहन भगवान कृष्ण राधा के रूप में प्रस्तुत हुए सभी ने वाह-वाह के जय हो नंदलाल के नारे लगाए बाल गोपाल ओ द्वारा उत्साह के साथ मटकी फोड़ी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहनों ने भगवान कृष्ण के रूप में लिस्ट प्रस्तुत किया ललिता सिलावट पूर्वी पटेल ने कान्हा बंसी बजाए राधा दौड़ी चली आए इसका विश्वकर्मा ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल कृष्णा अवस्थी ने प्रस्तुत की कार्यक्रम में प्राचार्य कमलेश तिवारी ने इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने इस छोटे से कार्यक्रम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का रूप दिया कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावक अपने भैया बहनों का उत्साहवर्धन कर रहे थे ।

## शक्ति चौक पर हुआ हुसैनी लंगर का आयोजन



गाडरवारा(यश भारत) हसनी हुसैनी सोसाइटी द्वारा मोहर्रम पर परचम लगाया गया था द्य उस सफल आयोजन के उपरांत शहीदाने करबला की शान में रविवार को सोसायटी द्वारा हुसैनी लंगर का विशाल आयोजन किया गया द्य सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर तबर्रुक ग्रहण करते हुए सवाब (पुण्य लाभ) कमाया द्य सांप्रदायिक सौहार्द एकता भाईचारे के साथ किए गए लंगर का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ लंगर लगभग 4 घंटे तक चला द्य हसनी हुसैनी सोसाइटी के नौजवानों द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की जा रही है ।

# वर्षा से ट्रेनें हो रही लेट आज भी होगा असर

**जबलपुर, यशभारत।** लगातार हो रही बारिश का असर ट्रेनों के संचालन पर भी हुआ है। जबलपुर रेल मंडल की सीमा से गुजरने वाली ट्रेनें के साथ जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों पर भी इसका असर हुआ। रविवार सुबह ट्रैक पर पेड़ गिर जाने की वजह से कटनी-सिंगरौली रेल मार्ग अवरूध हो गया । सुबह लगभग सात बजे डुबरी के पास ट्रैक पर पेड़ गिरने की वजह से ओएचई टूट गई। इस वजह से लगभग तीन से चार घंटे रेल मार्ग बंद रहा। इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों को जहां के तहां रोक दिया गया तो वहीं कई ट्रेनों के पहिए धीमे हो गए। इधर



जबलपुर से रवाना होने वाली गोंडवाना, श्रीधाम और महाकौशल समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से रवाना हुई।जबलपुर से निजामुद्दीन जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस को दोपहर साढ़े तीन बजे रवाना होना था, लेकिन लगातार हो रही बारिश की वजह से अन्य ट्रेनें लेट चल रही थीं। इस वजह से गोंडवाना को जबलपुर से शाम चार बजे रवाना किया गया। इधर निजामुद्दीन जाने वाली श्रीधाम, महाकौशल भी अपने निर्धारित समय से आधे घंटे देरी से रवाना हुई। इस वजह से यात्रियों को परेशान होना पड़ा। वहीं सोमवार, सिंगरौली, रीवा और अंबिकापुर इंटरसिटी भी बारिश की वजह से प्रभावित रहीं।

### रेलवे ट्रैक और बांध पर नजर

वर्षा की वजह से रेलवे ने ट्रैक की सुरक्षा के लिए गश्त बढ़ा दी है। ट्रैकमेन और पेट्रोलमेन को ट्रैक की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी रखने कहा गया है तो वहीं मंडल की सीमा में आने वाले रेलवे ब्रिज पर वाच मेन को तैनात कर दिया गया है। दरअसल लगातार रेलवे ब्रिज का जल स्तर बढ़ रहा है। इसे देखते हुए जबलपुर रेलवे कंट्रोल ने सभी ब्रिज की निगरानी के लिए तकनीक की भी मदद ली जा रही है। इधर, रेलवे ने भी ट्रेनों की गति को नियंत्रित कर दिया गया है।

### कटनी से गुजरने वाली कई ट्रेनें 24 और 25 अगस्त को रद्द

लगातार हो रही बारिश की वजह से रेल यातायात प्रभावित ना हो, इसलिए रेलवे ने गश्त बढ़ा दी है। पटरियों की सुरक्षा के लिए मानसून अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कई जगह ब्लॉक लेकर मेंटेनेंस का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस कड़ी में कई ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इनमें वह ट्रेनें भी हैं, जो जबलपुर रेल मंडल की सीमा से होकर गुजरेगी। रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल के रायगढ़-झारसुगड़ा रेलखण्ड पर चौथी रेल लाइन जो?ने के लिए हिमगिर स्टेशन पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली हमसफर एक्सप्रेस को निरस्त किया गया है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**सिहोरा, यशभारत।** केशव पुण्य स्मृति सेवा न्यास संघ कार्यालय सिहोरा में नि:शुल्क शिविर का आयोजन प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी किया गया जिसमें जबलपुर के प्रसिद्ध होम्योपैथीक चिकित्सक डॉक्टर मनीष व्यास द्वारा इलाज कर नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गयी शिविर में अस्थमा,मस्से,शुगर कैंसर अर्थराइसेस,जोड़ों का दर्द, लकवा,महिला प्रदर,हाइट बढ़ाना, शराब छुड़ाना,मोटापा कम करना, पथरी सफेद दाग,निसंतान दंपति एवं पंचगव्य चिकित्सा पद्धति से समस्याओं का निशुल्क इलाज किया गया।

### मरीजों की सेवा कर अनाम्या ने मनाया जन्मदिवस

शिविर में सबसे खास बात यह रही की नगर के समाजसेवी मधुर दुआ की पुत्री अनाम्या दुआ का जन्मदिन निशुल्क शिविर में पहुँच कर मनाया गया नन्ही बालिका ने मानव सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहकर कार्य करने की बात कही साथ ही चिकित्सा केंद्र में सहयोग निधि प्रदान की।इस अवसर पर प्रमोद साहू,राकेश मालवीय,विनोद खत्री, विनोद श्रीवास्तव,मधुर दुआ,अमन शुक्ला,नीरज शर्मा,शीलू ब्यौहार,कृष्णा जायसवाल तथा अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे





# डटे सिहोरावासी,अड़ी सरकार यूँ ही बीत गए 46 रविवार

**जिला आंदोलन लगातार जारी**

**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा 2003 में जिला बन चुका है सरकार इसे लागू करे इस संकल्प के साथ सिहोरावासी 46 हफ्तों से प्रत्येक रविवार धरना पर डटे हुए है।रविवार के धरने में इंद्रदेव ने भी आंदोलनकारियों की परीक्षा ली जोरदार बारिश होने लगी पर सिहोरा के लिए संघर्ष करने वालों का हौसला न डिगा।जिसके पास छाता था उसने लगा लिया बाकी भीगते रहे पर मैदान न छोडा।वहीं सरकार स्तर से आज तक कोई भी पहल नही हुई।

### सीएम कार्यालय ने जबाब देना किया बंद

समिति के अनिल जैन,रामजी शुक्ला,कृष्ण कुमार जुररिया ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय को कोई भी पत्र प्रेषित करने पर उनके कार्यालय प्रमुख को पत्र को संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु भेजकर आवेदक को सूचना देने का नियम है।पर शिवराज सरकार के कार्यालय ने अब सिहोरा जिला के धरने के बाद प्रेषित ज्ञापन की पावती भेजना बंद कर दी है।सरकार की सिहोरा के प्रति ऐसी सोच को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

# ईएसओ इंडिया का स्थापना दिवस समारोह 24 को

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन ईएसओ इंडिया के तत्वावधान में 24 अगस्त बुधवार को शाम 6.30 बजे से मानस भवन सभागार में संगठन का 12 वां भव्य स्थापना दिवस समारोह च्राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2022 के रूप आयोजित किया जाना है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएससी रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार के चैयरमैन रमेश चन्द्र रत्न होंगे जिनका आगमन 23 अगस्त को हो रहा है । श्री रत्न 3 दिवसीय प्रवास पर जबलपुर समेत मैहर कटनी के रेलवे स्टेशनों का निरिक्षण भी करेंगे , 24 अगस्त को श्री रत्न एवं 4 सदस्यी टीम के साथ जबलपुर स्टेशन तथा मदन महल स्टेशन का निरिक्षण करेंगे साथ ही रेल अधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

# सुमिल केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लॉन्च किया-ब्लैक बेल्ट कीटनाशक





**भोपाल, यशभारत।** सुमिल केमिकल इंडस्ट्रीज ने हाल ही में अपना पेटेंट कीटनाशक ब्लैक बेल्ट मध्य प्रदेश में लॉन्च किया। इस अवसर पर सुमील केमिकल इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री सुकेतु दोषी ने कहा कि ब्लैक बेल्ट एक नई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी से बना उत्पाद है, जिसके माध्यम से कीटनाशक के सभी एक्टिव रसायन सुरक्षित एक पॉलीमर कैप्सूल में बंद रहते हैं। यह रसायन ड्राई कैप के माध्यम से पौधों की पत्तियों पर उचित समय के साथ उचित मात्रा में पहुचते है, जिससे कि पौधों को कीटों से सुरक्षित रखा जा सके। इस तरह ब्लैक बेल्ट पौधों से अलग अलग प्रजाति की सुंडियो का नियंत्रण करता है। ब्लैक बेल्ट अलग-अलग प्रकार के कीटों और अलग अलग प्रकार की फसलों पर कारगर है जिसमें धान, कपास, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन के साथ-साथ टमाटर, गोभी, मिर्ची और प्याज की फसलें भी शामिल है।श्री सुकेतु दोशी, सुमिल केमिकल इंडस्ट्रीज के निदेशक ने कहा कि, ब्लैक बेल्ट एक अद्वितीय संकल्पना है जिसमें कंपनी की पेटेंट की हुई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी है जो कि वर्तमान में बाजार में उपलब्ध अधिक ज़हरीले तरल फॉर्मूलेशन का एक सुरक्षित विकल्प है। ब्लैक बेल्ट पानी में घुलने वाला कीटनाशक है, और इसे निर्धारित मात्रा में ही उपयोग किया जाना चाहिए (270 से 300 ग्राम प्रति एकड़)। इसे पानी में मिलाकर पौधों पर निर्धारित समय पर छिड़काव करने से इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलता है। ब्लैक बेल्ट पौधे की सतह पर समान रूप से फैलता है और बहुत जल्दी निर्धारित कीटों का नियंत्रण करता है। सुगंधहीन ब्लैक बेल्ट ड्राई कैप टेक्नोलॉजी के कारण यह लंबे समय तक पौधों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही ब्लैक बेल्ट का मिट्टी और पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है।

# हरगढ में रोपे गये एक सैकडा पौधे



**सिहोरा, यशभारत।** एकीकृत शास.मा.शाला हरगढ़ मे स्व सेवा संयोजन समिति के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस के सौजन्य से उपलब्ध कराये गये विभिन्न प्रजाति के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया जिसमें समिति के सचिव डा.अनुराग दुबे,अध्यक्ष सुषमा कर्चुली, सहकोषाध्यक्ष सारिका साहू,रंजना ठाकुर के साथ नपा के संतोष मिश्रा,श्रीकांत चक्रवर्ती,एसएमसी अध्यक्ष राकेश पटैल,बीआरसी पी.एल.रैदास बीएसी बृजेश श्रीवास्तव,शिक्षक बलराम बर्मन,अश्विनी उपाध्याय,राकेश पटैल के अलावा शाला के सभी शिक्षक छात्र एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति की सचिव साधना साहू उपस्थित रही।

## सुनील (मुन्ना) गुप्ता का निधन



जबलपुर। सूजी मोहल्ला उत्तर मिल्लौनीगंज निवासी स्व. श्री पन्ना लाल गुप्ता के बड़े पुत्र सुनील (मुन्ना) गुप्ता का रात्रि 12.45 बजे स्वर्गवास हो गया है अंतिम यात्रा निज निवास सुजीपुरा से कारिया पत्थर मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग लोगों ने दिवंगत का अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी।

## श्रीमती लीलावती राजपूत का निधन



जबलपुर । पूर्वेन्द्रराज सिंह राजपूत, एवं अर्वेन्द्र राजसिंह राजपूत ( म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जबलपुर के उप प्रांताध्यक्ष, एवं जिला शाखा अध्यक्ष ) की माता जी श्रीमती लीलावती राजपूत , धर्मपत्नी स्व. श्री अर्जुन सिंह नाहर का आज 21 अगस्त को शहपुरा में देवलोकगमन हो गया है। अंतिम संस्कार शहपुरा में ही सम्पन्न हुआ।

# खिलाड़ियों को चार माह बाद मिलेगा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स

### रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग में किया जा रहा तैयार

**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक स्पोटर्स काम्प्लेक्स का निर्माण हो रहा है। स्मार्ट सिटी यह काम्प्लेक्स बना रही है, जिसकी लागत चार करोड़ 16 लाख रुपये है। शारीरिक शिक्षण विभाग के करीब यह काम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है, जिसका लाभ विश्वविद्यालय के अलावा शहर के अन्य खेल प्रेमी भी उठा पाएंगे। स्मार्ट सिटी निर्माण के बाद इसकी देखरेख का जिम्मा शारीरिक शिक्षण विभाग को देगा। शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.विशाल बन्ने ने बताया कि स्पोर्टस कम्प्लेक्स में आत्याधुनिक 200 मीटर का जागिंग ट्रेक, दो बैंडमिंटन कोर्ट, एक सिंथेटिंक बास्केटबाल कोर्ट, दो सिंथेटिंक बालीवाल कोर्ट, टेबिल-टेनिस आदि खेल सुविधा मिलेगी। कम्प्लेक्स के अंदर आधुनिक जिम की सुविधा भी होगी। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग में संचालित बीपीईएस, बीपीएड, एमपीएड के सभी पाठ्यक्रमों में 350 से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिनके लिए यह बड़ी सौगात है। प्रो.विशाल बन्ने ने कहा कि वित्त अधिकारी रोहित कौशल के प्रयासों से स्मार्ट सिटी से विश्वविद्यालय को यह प्रोजेक्ट मिला, जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिलेगा।प्रो.विशाल बन्ने ने बताया कि स्पोटर्स काम्प्लेक्स का निर्माण करीब आधा हो चुका है। शेष कार्य भी अगले चार माह में पूर्ण होने का अनुमान है।

# बारिश हुई बत्ती गुल, बिजली विभाग की मनमानी से ग्रामीण जन परेशान दी आंदोलन की चेतावनी!

**कुंडम, यशभारत।** कुंडम में इन दिनों बिजली विभाग की आंख मीचोली से कुंडम नगरवासी भारी परेशान है और विद्युत विभाग एवं कर्मचारी गहरी नींद में सो रहे हैं कुंडम सहित ग्रामीण क्षेत्र चौरई,मेहगांव,भैंसवाही हरदुली ऐसे अनेकों ग्राम मैं 1 महीने से लगातार बिजली की आंख मीचोली से अनेकों काम ठप पड़े हुए हैं और ग्रामवासी भारी परेशान है मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कुंडम के कनिष्ठ यंत्री एवं कर्मचारियों की लापरवाही से दिनभर बिजली की आंख मीचोली चलती रहती है कुंडम नगर सहित ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है बिजली की भारी आंख मीचोली से ना घरों में पानी मिल रहा है और ना ही 4-4, 5-5 दिन नल आ रहे हैं नगरवासी दूषित पानी पीने को मजबूर है दूरदराज से लोग कुंडम तहसील कार्यालय,जनपद, बैंक ऐसी अनेकों जगह तरह तरह का काम कराने आते हैं परंतु बिजली विभाग की घोर लापरवाही एवं आंख मीचोली से ग्रामवासी निराश होकर अपने-अपने गांव लौट जाते हैं ग्राम वासियों ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है कुंडम से 35 किलोमीटर दूर ग्राम मेहगांव मैं 20 दिनों से नहीं चल रही बिजली अनेक बार शिकायत करने पर भी बिजली विभाग गहरी नींद में सो रहा है कुंडम हेड क्वार्टर में दिन में 50 बार होती है लाइट गोल जिससे बिजली के उपकरण हो रहे हैं खराब बिजली का आना जाना लगा रहता है 3 घंटे 4 घंटे और पूरा दिन भी बिजली बंद रहती है स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 24 घंटे बिजली बंद रही जिससे सांस्कृतिक कार्यों में भी रुकावट आई कुंडम में बिजली आने जाने की कोई समय सीमा नहीं है चाहे जब आ जाए चाहे जब चली जाए ना कोई सुधारने वाला है ना कोई देखने वाला भगवान भरोसे चल रहा है विद्युत मंडल कुंडम तहसील के जब यह हाल हैं तो ग्रामीण क्षेत्र में तो 15 से 20 दिन तक बिजली के दर्शन नहीं होते जिससे मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पाते ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की भारी समस्या नल नहीं चालू हो पाते जिससे ग्रामीण जन कुआं एवं नदी नालों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं चक्की में आटा नहीं पीसा पाते और बिजली विभाग छोटा-छोटा फाल्ट बताकर पल्ला झाड़ लेता है कुंडम ग्रामीण क्षेत्र में 35 से 40 ग्राम पंचायतों में कम से कम 20 दिन से लाइट नहीं आ रही है जिसकी शिकायत ग्रामीण जनों द्वारा कनिष्ठ यंत्री अधिकारी कुंडम को लिखित शिकायत तक में बताया गया है उसके बाद भी बिजली विभाग की लापरवाही से जनजीवन अस्त व्यस्त है ग्रामीण जनों का कहना है कि अगर यही रवैया विद्युत विभाग कर रहा तो जल्दी ही बिजली विभाग कुंडम का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा कुंडम नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जबलपुर कलेक्टर इलैया राजा टी. सहित विद्युत विभाग जबलपुर के उच्च अधिकारियों से मांग की है की बिजली विभाग कुंडम कि इस लापरवाही को देखते हुए कनिष्ठ यंत्री कुंडम विद्युत विभाग को तत्काल हटाने की मांग की है।

## कुपोषण से जंग

# आरसीसीपीएल ने कराया 592 बच्चों को प्रथमाहार

**एजेंसी।** कुपोषण एक विकराल दानव दल है जो समाज को अपने आसपास में जकड कर पूरे समाज को पगूं बना रहा है। कुपोषण से समाज के हर स्तर पर हर वर्ग के सहयोग एवं सहभागिता से पराजित करना है। इसका निराकरण भी पूरे समाज की सहभागिता से आ सकता है। इसी तारतम्य में एमपी बिरला ग्रुप आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड ए मैहर एक और परियोजना सामाजिक निर्वहन हेतु प्रथमाहार नामक एक कार्यक्रम अप्रैल 2017 से प्रारंभ किया है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से विभाग द्वारा संचालित आंगनबाडियों में ग्राम भरौली ए इटहरा ए खेरवाकला ए भैसासुर ए सढेरा ए बर्रोह ए श्रीनगर ए शान्तिपुर ए सलइया में संचालित किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के लालन.पालन ए खान.पान एवं स्वच्छता आदि विषयों की जानकारी के साथ साथ आंगनबाडियों में आने वाले 6 से 7 माह के बच्चों को प्रथमाहार किया जाता है। परिवार में यदि छोटे बच्चे हैं ए उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत आवश्याक होता है क्योंकि बच्चे जन्म के पूर्व से ही उसके विकास की यात्रा शुरू हो जाती है। जन्म होने के पॉच वर्षों तक बच्चे का आहार व टीकाकरण मुख्य भूमिका निभाते हैं। बच्चों के शारीरिक ए मानसिक विकास पर सतत निगरानी रखनी होती है जो कि बहुत आवश्यंक है।सही निगरानी बच्चे को कुपोषण से बचाती है। माताओं को छः माह के उपरान्त बच्चों को अर्ध ठोस आहार व मसला हुआ भोजन देने के साथ सतत स्तनपान देने की समझाइश व निरन्तर वजन पर निगरानी रखना व समय पर टीकाकरण करवाने व स्वच्छ आदतों के विकास कार्यक्रम का उद्देश्य है।



# प्रियंका चोपड़ा भी हैं टिपिकल इंडियन मां



## बिटिया को बुरी नजरों से बचाने के लिए किया ये काम

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियंका चोपड़ा ने बेटी मालती के साथ अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक खास चीज हर किसी का ध्यान खींच रहा है। पैरों में काले मोतियों के बीच दिल जैसा बना गोल्ड का डिजाइन बेहद खास है और हाथों में पहना रखा है काला धागा। प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में बेटी के साथ प्रियंका पूल किनारे क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करती नजर आ रही हैं। बेटी की इन तस्वीरों के साथ प्रियंका चोपड़ा ने यह साबित कर दिया है कि जब बात बच्चे की हो तो वह एक टिपिकल इंडियन मां होती हैं। इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखा है।

### मां की गोद में बैठकर पूल निहारती दिख रही बेटी मालती

Priyanka Chopra ने बेटी मालती के साथ अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें से एक में वह मां की गोद में बैठकर पूल का तुल्फ उठाती दिख रही है। प्रियंका ने बेटी की एक और तस्वीर शेयर की है, जिसमें बिटिया के छोटे-छोटे पांव प्रियंका के फेस पर नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन दोनों तस्वीरों में से जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा है वह है प्रियंका की बेटी के हाथ में बंधा काला धागा और पैरों में नजर आ रहे काले मोती का पायल। गोल्ड और काले मोतियों से बने इस पायल में हार्ट शेप का डिजाइन बना है, जिसपर हर किसी की निगाहें थम गई हैं।

### प्रियंका ने बेटी के पैर और हाथ में बांधा है काला धागा

दरअसल, हमारे देश में लगभग हर मां अपने बच्चों को दूसरों की बुरी नजर से बचाने के लिए उसके पैर और हाथ में काला धागा बांधा करती हैं या फिर धागे में पिरोया काला मोती पहनाती हैं। यूं तो प्रियंका ने अब तक बेटी की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपने बच्चे को बुरी नजर से बचाने के लिए जो किया है, वो हर किसी की निगाहों में आ गया है।

### आलिया और कटरीना के साथ आएंगी नजर

प्रियंका ने साबित कर दिया है कि वह भले अपने प्रफेशनल लाइफ में हर तरफ से अस्त-व्यस्त रहती हों, लेकिन जब बात फैमिली की आती है तो वह उसमें भी कोई कमी नहीं छोड़तीं। फिलहाल प्रियंका अपने मदरहुड को भी खूब इंजॉय कर रही हैं और ये सच उनकी तस्वीरें ही बता रही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका पिछले कुछ समय से बॉलीवुड में कमबैक को लेकर भी चर्चा में हैं। बताया गया है कि प्रियंका चोपड़ा फरहान अख्तर की अगली फिल्म च्जी ले जराज् में लीड रोल में नजर आएंगी, जिसमें आलिया भट्ट और कटरीना कैफ भी उनके साथ नजर आएंगी।

# दिशा पाटनी ने शेयर कीं ऑरेंज मोनोकिनी में तस्वीरें, फैन्स बोले- टाइगर श्रॉफ की याद आ रही है?



मुंबई, एजेंसी। एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर ऑरेंज मोनोकिनी में अपनी पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। दिशा पिछले दिनों टाइगर श्रॉफ के साथ अपने कथित ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में थीं। अब उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद किया जा रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्मों के लिए नहीं बल्कि टाइगर श्रॉफ से कथित ब्रेकअप के लिए सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहने वाली दिशा ने हाल में इंस्टाग्राम पर अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में दिशा ऑरेंज कलर की मोनोकिनी में नजर आ रही हैं। ऑरेंज मोनोकिनी में दिशा की तस्वीरों ने पहले भी सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था अब एक बार फिर दिशा के फैन्स इन तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि दिशा ने अपनी दिलकश तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हों। अब इस ऑरेंज मोनोकिनी वाली तस्वीरों को दिशा के फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और कॉमेंट्स कर रहे हैं। दिशा की इस तस्वीर पर उनके कई फैंस यह कह रहे हैं कि उन्होंने यह तस्वीरें टाइगर श्रॉफ की याद में डाली हैं।

### आकांक्षा शर्मा को डेट कर रहे हैं टाइगर?

दरअसल पिछले दिनों ऐसी खबरें आई थीं कि दिशा और टाइगर का ब्रेकअप हो गया है। इसके बाद टाइगर अब मॉडल-एक्टर आकांक्षा शर्मा को डेट करने लगे हैं। हालांकि टाइगर ने इन सभी खबरों को खारिज किया था कि वह आकांक्षा को डेट कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने दिशा से अपने कथित ब्रेकअप के बारे में कोई बात नहीं की थी। खबरों की मानें तो दिशा पाटनी जल्द ही शादी करना चाहती थीं लेकिन टाइगर ऐसा नहीं चाहते थे जिसके चलते ब्रेकअप हो गया।

### कभी कन्फर्म नहीं किया रिलेशनशिप

इस मुद्दे पर Disha Patani ने भी अभी तक कोई रिएक्शन नहीं दिया है। पहले भी दिशा और टाइगर ने कभी भी अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म नहीं किया था लेकिन दोनों अक्सर साथ ही नजर आते थे। दिशा की टाइगर की बहन और उनकी फैमिली के साथ भी हमेशा अच्छी बॉन्डिंग नजर आई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी अब जल्द ही मोहित सूरी के डायरेक्शन में बन रही फिल्ममलंग 2और धर्मा प्रॉडक्शंस की फिल्मयोद्धामें सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के साथ नजर आने वाली हैं।

# स्कूटी राइड पर निकले विराट-अनुष्का



मुंबई, एजेंसी। विराट और अनुष्का मुंबई की सड़कों पर स्कूटी राइड के लिए निकले। इस राइड का वीडियो अब सामने आया है। विराट और अनुष्का दोनों ने हेलमेट पहना था, अनुष्का हाथ में छतरी लिए हुए थीं। फिर भी लोग दोनों को पहचान गए।सोशल मीडिया में विराट और अनुष्का का यह वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है। जिसमें लग्जरी कारों का शौक रखने वाले विराट कोहली किसी सामान्य व्यक्ति की तरह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर घूम रहे थे। हालांकि, इस वीडियो में दोनों का चेहरा नहीं दिख रहा है।

### जून में मालदीव में छुट्टियां मना रहे थे विरुष्का

यह कपल जून महीने में मालदीव में छुट्टियां मनाने गया था। दोनों ने बीच की फोटो शेयर की थी। तब टीम इंडिया साउथ अफ्रीका की मेजबानी कर रही थी। कोहली इस समय क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। वे वर्तमान में जिम्बाब्वे दौरे पर गई टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। वे अब एशिया कप से वापसी कर सकते हैं। उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकता है। एशिया कप 27 अगस्त से,श्व में शुरू हो रहा है। कोहली मुंबई में अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं।

### लंबे समय से शतक का इंतजार

फैंस को कोहली के शतक का इंतजार है। उन्होंने 2019 में आखिरी शतक जड़ा था। उसके बाद से उनका बल्ला पूरी तरह खामोश है। उनकी फॉर्म को लेकर तमाम सवाल भी उठाए जा रहे हैं, लेकिन टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली को उनके जल्द फॉर्म में वापसी की पूरी उम्मीद है।

धनश्री ने पोस्ट शेयर कर दिया जवाब

# घुटने में इंजरी ने तोड़ दी थी हिम्मत, युजवेंद्र चहल के साथ अनबन की अफवाहों से थीं परेशान



**मुंबई, एजेंसी। टीम इंडिया के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी वाइफ धनश्री वर्मा के बीच पिछले दिनों अनबन की खबरें सामने आईं। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से चहल सरनेम नाम हटा लिया था। वहीं चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की थी, जिसमें लिखा था, 'New Life Loading' चहल की पोस्ट और धनश्री के सरनेम हटाने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि कपल जल्द अलग होने वाले हैं, लेकिन बाद में चहल और धनश्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह बताने की कोशिश की थी कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक है। धनश्री ने इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर लंबा पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने अपने लिगामेंट में इंजरी के बारे में बताया और परिवारवालों और चहल को शुक्रिया कहा।**

### दोबारा डांस करने के लिए करानी होगी सर्जरी

लिगामेंट इंजरी के चलते धनश्री को आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि मैं अगर लाइफ में दोबारा डांस करना चाहती हूं तो इसके लिए मुझे सर्जरी से गुजरना पड़ेगा। धनश्री ने बताया कि यह मेरे लिए मुश्किल दौर था, लेकिन इसी बीच हमारे रिश्ते के बारे में कई खबरें उड़ी, जिसे सुनकर मुझे दुख हुआ।

### इस घटना ने बढ़ाया है आत्मविश्वास

धनश्री ने कहा कि चोट और अफवाह दोनों ही घटनाओं ने मुझे मजबूत बनाया है। मैं खुद को हर हाल में अब ताकतवर महसूस कर रही हूं। मुझे यह पता चल गया है कि लोग आपके बारे में हमेशा कुछ न कुछ बात करेंगे, इसे आपको अपनी मजबूती बनाना होगा।

### आखिर में जोड़ा चहल का सरनेम

नोट कंप्लीट करने के बाद धनश्री ने अपने नाम के साथ चहल का सरनेम जोड़ा। उन्होंने पोस्ट में धनश्री वर्मा चहल लिखा, जिससे पता चलता है कि दोनों के बीच सब कुछ पहले जैसा ही है।

### युजवेंद्र ने पोस्ट पर किया कमेंट

धनश्री के इस पोस्ट सेक्शन में युजवेंद्र भी उनका हौसला बढ़ाते हुए नजर आए। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर धनश्री की फोटो भी री-शेयर की है।

### घुटने में चोट के कारण टूट गया धनश्री था आत्मविश्वास

धनश्री ने अपनी पोस्ट शेयर करते हुए एक इमोशनल नोट लिखा है। उन्होंने बताया कि पिछली बार रील शूट करते हुए उनके पैरों में चोट लग गई, जिससे लिगामेंट इंजरी हो गई है। लंबे समय तक डांस न करने की बात सुनकर धनश्री बहुत ज्यादा परेशान थीं। उनका आत्मविश्वास टूट गया था, लेकिन पति चहल और करीबियों के साथ के कारण ही वो पहले से बेहतर महसूस कर रही हैं।

## 'कॉफी विद करण' नहीं 'कॉफी की दुकान'

**मुंबई,एजेंसी।** कपिल शर्मा इन दिनों अपने लुक्स को लेकर खूब चर्चा में है। उनके स्लिम लुक को देखकर लगता है कि वह जल्द ही अपने फेमस शो 'द कपिल शर्मा शो' एक बार फिर लेकर हाजिर होंगे। कपिल का शो ऑन एयर हो या ना हो लेकिन उनके कॉमेडी पंच के पुराने वीडियोज फैन्स अपने रूटीन में जरूर देखते हैं। कपिल के जुमलों में से करण जौहर की टांग खिंचने वाला पंच आपको याद है? याद हो, साल 2017 के फिल्मफेयर अवार्ड्स के दौरान, जब कपिल शर्मा शो की मेजबानी कर रहे थे तक करण जौहर आए और कहा, 'मैं इतनी देर से इंतजार कर रहा था कि तुम मुझे बुलाओगे (मैं मंच पर मुझे बुलाने का इंतजार कर रहा था)। कपिल ने जवाब दिया, आप इंतजार ही तो नहीं करते एक शो खत्म होता है, दूसरे में जज बन जाते हो, वो खत्म होता है तो तीसरे में जज बन जाते हैं। ऊपर से कॉफी की दुकान और खोल के रखी है। ऊपर से इन सब से भी समय मिलता है तो एक आध फिल्म भी बना देते हैं और उस फिल्म के सहारे हर एक अवॉर्ड शो में घुस जाते हैं। जब से टीवी पर 'द कपिल शर्मा शो' बंद हुआ है फैन्स इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कपिल ने अपनी एक फोटो शेयर कर खुशखबरी दी है। उन्होंने सीजन 4 के लिए अपने नए लुक की झलक भी दिखाई है। कपिल का शो अगले महीने से ऑन एयर होगा। तस्वीर में देखा जा सकता है कि कपिल ने अपना वजन काफी कम किया है। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और ब्लैक ट्राउजर पहना है। उसके ऊपर उन्होंने व्हाइट ब्लेजर, सनग्लासेस और स्नीकर्स पहने हैं।

# अमित शाह ने जूनियर एनटीआर से की मुलाकात

### ट्वीट कर बांधे अभिनेता की तारीफों के पुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के देशभर में चाहने वाले हैं। हालिया फिल्मों में उनके अभिनय की हर किसी ने सराहना की है। अब देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनकी तारीफों के पुल बांध दिए हैं। दरअसल हैदराबाद में अमित शाह और अभिनेता जूनियर एनटीआर की मुलाकात हुई। अपनी इस मुलाकात की तस्वीरें अमित शाह ने ट्विटर हैंडल पर भी साझा की हैं और इसी के साथ ही उन्होंने जूनियर एनटीआर की तारीफ भी की है। अमित शाह ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जूनियर एनटीआर संग मुलाकात की तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों दिग्गजों को एक साथ बात करें और हाथ मिलाते देखा जा सकता है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा- च्यहां हैदराबाद में एक बहुत ही प्रतिभाशाली अभिनेता और तेलुगू सिनेमा के रत्न जूनियर एनटीआर के साथ अच्छी बातचीत हुई। जहां अमित शाह राजनीति के माहिर हैं तो वहीं जूनियर एनटीआर फिल्मी दुनिया के मंझे हुए कलाकार हैं। अपने-अपने क्षेत्र के दो दिग्गजों की मुलाकात की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों के शेयर करने के कुछ ही देर में इसे सात हजार से ज्यादा लोग री-ट्वीट कर चुके हैं वहीं कई लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद लोग काफी खुश दिखाई दे रहे हैं और अभिनेता की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स इसपर चुटकी भी लेते नजर आए। एक ने लिखा- च्आगामी तेलंगाना चुनावों में जीरो लॉस थ्योरी साबित होगीज्। एक दूसरे यूजर ने लिखा- च्दशक के दो सर्वश्रेष्ठ अभिनेता एक फ्रेम मेंज्। इसी तरह से अन्य भी अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं

# Filmfare Awards ने झूठे आरोप के बाद वापस लिया Kangana Ranaut का नॉमिनेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंगना रनौत के यह कहने के बाद कि वह एक जानी मानी मैगजीन को अपने अवॉर्ड शो में नॉमिनेट करने और इंवाइट करने के लिए मुकदमा दर्ज करेंगी, इस मैगजीन ने उनका नॉमिनेशन रद्द कर दिया है। बता दें कंगना को उनकी फिल्म थलाइवी के लिए बेस्ट फिमेल एक्ट्रेस के अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था। कंगना के इस चौंकाने वाले कदम से सब हैरान परेशान हैं। आपको बता दें, मैगजीन ने एक बयान में ये भी शेयर किया कि उन्होंने कंगना को क्या संदेश भेजा था। एक लंबे बयान में, उन्होंने कहा, 'अवॉर्ड्स के नियम के मुताबिक, 'फिल्मफेयर के कार्यकारी संपादक ने श्री रनौत को बेस्ट एक्टर इन अ लीडिंग रोल में नामांकन के बारे में जानकारी दी गई और इंवाइट भेजने के लिए उनका पता पूछा।' उन्होंने कंगना को अपने संदेश का एक अंश भी साझा किया, जिसमें लिखा था, 'नमस्कार कंगना, फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के लिए आपके नामांकन पर हार्दिक बधाई। आपको इस इवेंट में मौजूदगी से हमें खुशी होगी, 30 अगस्त को बीकेसी, मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इस अवॉर्ड इवेंट में अपनी उपस्थिति को कंफर्म करें। यह आपकी सीटों को प्लॉट करने में हमारी मदद करेगा। कृपया हमें अपना पता भेजें ताकि हम आपको आमंत्रण भेज सकें। सादर।ज उन्होंने आगे कहा कि कहीं पर भी उन्हें अवॉर्ड दिए जाने या इस इवेंट में परफॉर्मेंस के लिए कोई अनुरोध करने का कोई आग्रह नहीं किया था।'जब हिंदी सिनेमा की बेहतरीन एक्ट्रेस दीप्ती पर लगा था सेक्स रैकेट चलाने का आरोप एक्ट्रेस और डायरेक्टर के तौर पर हिंदी सिनेमा में कई शानदार फिल्में करने वाली अदाकारा दीप्ती नवल का आज जन्मदिन है।

# जब हिंदी सिनेमा की बेहतरीन एक्ट्रेस दीप्ती पर लगा था सेक्स रैकेट चलाने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिल्म 'चश्मे बद्दूर', 'एक बार फिर', 'जुनून', 'अनकही'... जैसी कई फिल्मों में उमदा अभिनय करने वाली बेहतरीन अदाकारा दीप्ती नवल का आज जन्मदिन है। बतौर एक्ट्रेस और डायरेक्टर के तौर पर हिंदी सिनेमा में कई शानदार फिल्में करने वाली इस कलाकार के जन्मदिन पर आइए जानें क्या उनके बारे में कुछ खास बातें।

### अपने ग्लैम लुक पर खुद ही आ गई हंसी

70 और 80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस दीप्ती नवल का फिल्मों में किरदार बहुत ही सिंपल और सहमी सी लड़की जैसा ही रहा। शायद ही कभी किसी फिल्म में उनका बोल्ड अंदाज देखने को मिला हो। इस बात से याद आया, हाल ही में दिप्ती नवल ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर अपनी एक पुराने शूट की तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वे एक फैशन मैगजीन के कवर पेज पर नजर आ रही हैं। उनके साथ एक्ट्रेस समिता पाटिल और शबाना आजमी को भी ग्लैम लुक में देखा जा सकता है। 60 के दशक में दिप्ती नवल, शबाना आजमी और स्मिता पाटिल स्टारडस्ट मैगजीन की कवर गर्ल्स बनी नजर आ रही हैं। लेकिन अपने इसी ग्लैम लुक पर खुद दीप्ती नवल ने चुटकी लेते हुए कहा, 'ऑफबीट ग्लैमर क्वीन।' अपनी पुरानी यादों की ये तस्वीर दिप्ती नवल ने शबाना आजमी को भी टैग की है।

### एक्टर, डायरेक्टर और अब राइटर भी

दीप्ति नवल को फिल्में देखने का बहुत शौक है लेकिन इस एक्ट्रेस को हरफनमौला ना कहा जाए तो गलत होगा। क्योंकि दीप्ती पहले कई कविताएं लिखती रही हैं। लेकिन ऐसा पहली बार है कि उन्होंने अपनी नई किताब च्ए कंट्री कॉल्ड चाइल्डहुडज् लॉन्च की है. हाल ही में रिलीज की गई इस किताब में दीप्ती ने अपने बचपन की यादों को बयां किया है। उन्होंने इसमें गोल्डन टेम्पल और जालियांवाला बाग का भी जिक्र किया है. हालांकि किताब लिखते समय वे इन दोनों ही जगहों पर नहीं गईं क्योंकि वे बचपन की यादों के साथ ही उसे लिखना चाहती थीं. इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं सच्चाई लिखना चाहती थी. मुझे जिस तरह से याद है, मैं उसे वैसे ही लिख पाऊं. कुछ नया देख कर मेरी मेमोरी कहीं धुंधली न हो जाए. जैसा मैंने बचपन में एक्सपीरियंस किया था वैसे ही लिखना चाहती थी. किताब जब खत्म हो गई फिर मैं गोल्डन टेम्पल देखने गई।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन



श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# झीलों की नगरी भोपाल में
# हार्दिक स्वागत अभिनन्दन

## मध्य क्षेत्रीय परिषद
## की 23वीं बैठक

अध्यक्षता

## श्री अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

प्रातः 11.00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे सभागार

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय भोपाल कैम्पस, मध्यप्रदेश का
**भूमिपूजन एवं शिलान्यास**
अपराह्न 2.30 बजे
बरखेड़ा बोंदर, एमपी पुलिस अकादमी के पास

मध्यप्रदेश पुलिस आवासीय एवं प्रशासनिक भवनों का
**लोकार्पण**
अपराह्न 3.50 बजे
रवीन्द्र भवन सभागार

राष्ट्रीय सम्मेलन
**सहकार से समृद्धि**
कृषि विपणन में सहकारी संस्थाओं की भूमिका
रात्रि 7.45 बजे
होटल ताज लेकफ्रंट

गरिमामयी उपस्थिति

## श्री शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**22 अगस्त, 2022**

D-11080/22

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022